हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन के निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप



WWW.naisochlive.com | पटना, रविवार, 28 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक- 70, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

# इंडिया गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा: मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये CAA को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी DMK के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

**बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं** : कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के



युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

**कांग्रेस धारा 370 बहाल करना चाहती है** : जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे।

### कांग्रेस ने राम मंदिर बनाने का विरोध किया

अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरूध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है। तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में मौजूद रहे।

### कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी

कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग CAA रद्द कर देंगे। क्या ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़ हो। क्या ये INDIA गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। कांग्रेस की काफी करीबी डीएमके पार्टी डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करते हैं, उन्हें INDI एलायंस ने महाराष्ट्र में आमंत्रित किया है और उनका यहां स्वागत किया जाता है। INDI एलायंस वोट बैंक की राजनीति में इतना नीचे गिर गया है कि उन्होंने औरंगजेब को मानने वाले लोगों के साथ गठबंधन किया है।

## जनता की कमाई घुसपैठियों में बांटना चाहती कांग्रेस-अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की मंशा जनता पर वसूली और विरासत टैक्स लगाने की है जबकि भाजपा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस जनता के मेहनत की कमाई को घुसपैठियों में बांटना चाहती है। आज देश के सामने एक ओर कांग्रेस है जिनकी सारी गारंटी फेल हैं और दूसरी ओर मोदी हैं जिनकी सभी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड गबन, वसूली और भ्रष्टाचार का है जबकि भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का है। शनिवार को हमीरपुर में मीडिया से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 'कांग्रेस का हाथ विदेशी ताकतों' के साथ नजर आता है। यह लोग भारत को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। इनमें से कोई कहता है की नॉर्थ और साउथ को अलग कर दो तो कोई कहता है कि सनातन को कुचल देंगे। स्व. इंदिरा गांधी की सरकार तक देश में कानून के अनुसार इंदिरा जी की मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति देश के खजाने में जानी थी लेकिन जब राजीव गांधी आए तो उन्होंने इस कानून को बदल दिया ताकि इंदिरा गांधी की संपत्ति वे अपने नाम कर सकें।

# नियंत्रण से बाहर नैनीताल की आग

## रिहायशी इलाको में दहशत, हेलीकॉप्टर बुलाने की तैयारी

**एजेंसी। नैनीताल**

जिला मुख्यालय से लगे जंगल में आग इतनी भड़क गई है कि उसे नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। आग की लपटें नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी तक पहुंच गई है। इससे रिहायशी इलाकों में दशहत का माहौल देखा जा रहा है। आग पर नियंत्रण के लिए वनकर्मी, सेना और स्थानीय प्रशासन के लोग जुटे हुए हैं। इसके बाद भी आग लगातार भड़क रही है। यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो आग को बुझाने के लिए हेलीकॉप्टरों को भी लगाया जा सकता है। नैनीताल प्रशासन ने आग बुझाने के लिए 42 कर्मियों को तैनात किया है। नैनीताल के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर चंद्रशेखर जोशी ने बताया, हमने आग बुझाने के लिए मनोरा रेंज के 40 कर्मियों और दो वन रेंजरों को तैनात किया है।उत्तराखंड के वन विभाग ने कहा है कि 24 घंटों में राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26 और गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं सामने आईं। आग के कारण 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नैनीताल जिला मुख्यालय



के पास लगी आग से पाइंस इलाके में स्थित हाई कोर्ट कॉलोनी के निवासियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे यातायात भी बाधित हुआ। स्थानीय निवासी ने बताया, आग ने पाइंस के पास स्थित एक पुराने और खाली घर को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे हाईकोर्ट कॉलोनी को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यह खतरनाक रूप से इमारतों के करीब पहुंच गई है। बीती शाम से आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।पाइंस इलाके के पास सेना के संवेदनशील ठिकानों तक आग पहुंचने की आशंका है। जंगल में लगी आग के कारण नैनीताल जिला प्रशासन ने नैनी झील में बोटिंग करने पर भी रोक लगा दी है। उत्तराखंड के अधिकारियों ने जखोली और रुद्रप्रयाग में जंगल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। रुद्रप्रयाग के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अभिमन्यु ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जंगल की आग को रोकने के लिए गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक जखोली के तड़ियाल गांव का नरेश भट्ट था, जो जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया था। कथित तौर पर उसने आग इसलिए लगाई ताकि उसकी भेड़ों को नई घास मिल सके। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को अलर्ट पर रहने और जंगल की आग को रोकने के लिए उपाय करने को कहा है। बता दें कि पिछले साल 1 नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आई हैं, जिससे 689.89 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और राज्य को 14 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

## खास ख़बर


### 51 वायु योद्धा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली**। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में 3 युद्ध सेवा पदक विजेता,7 वायु सेना पदक विजेता (वीरता), 13 वायु सेना पदक विजेता और 28 विशिष्ट सेवा पदक विजेता शामिल थे। ये पुरस्कार दिल्ली में वायु सेना अलंकरण समारोह में प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किये गये। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने हरेक पुरस्कार विजेता को उनके वीरतापूर्ण कार्यों और भारतीय वायु सेना की सच्ची परंपराओं में विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी। भारतीय वायुसेना ने कहा कि पहली बार सेना के किसी अंग ने एनडब्ल्यूएम परिसर में अपना अलंकरण समारोह आयोजित किया।

### एन्क्रिप्शन तोड़ने पर इंस्टैंट मैसेंजर व्हाट्सप्प ने भारत छोड़ने की धमकी दी

**नई दिल्ली**। दुनिया के सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से एक, व्हाट्सऐप ने भारत छोड़ने की धमकी दे डाली है। मार्क जुकरबर्ग के स्वामित्व वाले मेटा प्लैटफॉर्म्स में शामिल इंस्टैंट मैसेंजर प्लैटफॉर्म ने हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष अपनी बात रखते हुए यह बात साफ तौर पर कह दी कि



अगर एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए जोर दिया गया, तो व्हाट्सऐप को मजबूरन भारत में अपनी सर्विस बंद कर देनी पड़ेगी। दरअसल, सोशल मीडिया कंपनी ने आईटी एक्ट 2021 को चुनौती देते हुए यह बात कही है। व्हाट्सऐप और उसकी पैरेंट कंपनी फेसबुक इंक (अब मेटा) ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आईटी एक्ट 2021 के नियमों को चुनौती दी है।

### विजय माल्या को फ्रांस के जरिए वापस लाने की तैयारी

**नई दिल्ली**। भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोडक़र दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है।

# दिल्ली सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल की रोड शो के जरिए राजनीति में एंट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### सुनीता पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का करेंगी नेतृत्व

कथित शराब घोटोल में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की मेगा रोड शो के जरिये राजनीति में एंट्री कर रही हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने बताया कि सुनीता केजरीवाल पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगी। अभी तक ऐसे कार्यक्रम का मुख्यमंत्री केजरीवाल ही नेतृत्व करते थे। उनके जेल जाने के बाद उनकी कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में उतर रही हैं। सुनीता केजरीवाल शनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मेगा रोड शो से चुनावी प्रचार की शुरुआत करेंगी। रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन



मांगेगी। सुनीता केजरीवाल दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव में आप उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगी। आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में बीजेपी के लिए अलग माहौल बन गया है। आम जनता पूछ रही हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया। हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है। आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने ईडी की मदद से दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। बीजेपी को इस चुनाव में हार का डर सता रहा है इसलिए उसने यह कार्रवाई करवाई। बीजेपी नहीं चाहती थी कि सीएम केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरें, लेकिन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद बीजेपी को नुकसान हुआ है। दिल्ली-पंजाब के साथ दूसरे हिस्सों में जनता मुख्यमंत्री केजरीवाल के समर्थन में आई आ गई है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल के साथ स्थानीय विधायक भी प्रचार करेंगे।

## अवैध रेत खनन मामले में सीबीआई की रेड, आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**नई दिल्ली**। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान में अवैध रेत खनन से संबंधित एक मामले की जांच अपने हाथ में



लेने के साथ ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सीबीआई की टीम ने बूंदी में आरोपित व्यक्तियों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए। सीबीआई प्रवक्ता ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक राजस्थान पुलिस ने डंपर में 40 मीट्रिक टन लघु-खनिज (रेत) ढोने के आरोप में डंपर के मालिक को गिरफ्तार किया था। वर्तमान समय में वह न्यायिक हिरासत में है। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर खंडपीठ के आदेश पर सीबीआई ने राजस्थान में अवैध रेत खनन के आरोपों से संबंधित एक मामला फिर से दर्ज किया है। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक अवैध खनन के आरोप में बूंदी जिला के थाना सदर में डंपर के मालिक जब्बार और डंपर ड्राइवर शाहरुख का नाम एफआईआर में दर्ज हुआ था। पहले से दर्ज इस एक मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। राज्य पुलिस से ऐसे मामलों की जानकारी भी मांगी गई है। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय ने चंबल और बनास नदियों के आसपास के सक्रिय क्षेत्रों में इस तरह के मामलों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया है।

# महादलित के लोग चिराग के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

पूर्व सीएम और हम पार्टी प्रमुख जीतन राम मांझी मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लोग चिराग पासवान के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे। उन्होंने कहा कि चिराग को जानबूझ कर गाली दिलवाई गई है जिसे महादलित समाज के लोग स्वीकार नहीं करेंगे। जीतन राम मांझी एनडीए उम्मीदवार राज भूषण चौधरी निषाद के नामांकन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा कि हम सच्चाई के बूते एक साथ लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नेतृत्व हीनता की लड़ाई लड़ते वाले लोग हैं। विरोधी दल के लोगों की नीति और नीयत पर भरोसा नहीं किया जा सकता।




वह लोग कब का विश्वास तोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि विरोधियों को उनकी नियत की सजा जरूर मिलेगी। जीतनराम मांझी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अभी देश में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं और पीएम की कोई वैकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि ये विरोधी इतना बेचैन क्यों है? सबसे बड़ी बात यह है कि 2024 क्या 2030 तक देश में पीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। यह इतना मजबूत है कि कोई इसको डिगा नहीं सकता है।

# सुबह बादल, दिन में तेज गर्मी, फिर तेज आंधी के साथ बौछारें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला बदला हुआ दिखाई दे रहा है। राजधानी में शुक्रवार को मौसम ने कई रंग दिखाए। सुबह की शुरुआत जहां बादलों के साथ हुई, वहीं दोपहर में तेज गर्मी पड़ी। शाम के समय तेज आंधी के साथ बौछारें आने से गर्मी से राहत मिली। इस सीजन में पहली बार तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। मई के शुरुआती दो तीन दिनों से पहले लू चलने की संभावना नहीं है। दोपहर में तेज धूप ने लोगों को काफी अधिक परेशान किया। गुरुवार को तापमान 38 डिग्री रहा था। हवा में गर्माहट के अहसास ने लोगों को लू की याद दिला दी। शाम चार बजे के बाद मौसम एक बार फिर बदलने लगा। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट को ऑरेंज अलर्ट में बदला। इसके बाद तेज आंधी



चली। आंधी के बाद कुछ जगहों पर बौछारें भी गिरी। आंधी के दौरान पालम में हवाओं की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटा और सफदरजंग में 28 किलोमीटर प्रति घंटे रही। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से दिल्ली एनसीआर का मौसम बदला है। रविवार से इसका असर खत्म हो जाएगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है।

### बिहार के रोहतास में आग लगने से चार लोगों की मौत

**पटना**। बिहार में रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रोपहथा में शनिवार की दोपहर घर में आग लगने से तीन बच्ची और एक महिला की मौत हो गई है। अन्य घरों को जलने से बचाया गया है। आग खाना बनाने के बाद चूल्हे की राख से निकली चिंगारी से लगी है। पुलिस के मुताबिक घर के आंगन में खाना बनाकर उसकी राख छोड़ दी गई थी और सभी कमरे में सो गए। राख से निकली चिंगारी घर के दरवाजे में पकड़ ली और धीरे-धीरे भीषण आग लग गयी। जिससे सभी जिंदा जल गए। मुखिया दया नंद सिंह ने बताया कि पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। आर्थिक मदद की बात कही गयी है।

# भारत आ रहे जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से किया हमला

**एजेंसी। वाशिंगटन**

शनिवार को लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर हमला बोला है। भारत आ रहे जहाज पर उन्होंने मिसाइल दागी जिससे जहाज को काफी नुकसान हुआ है। विद्रोहियों ने ही बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। वे लाल सागर और अदन की खाड़ी के इलाके से गुजरने वाले जहाजों पर बीते कई महीनों से हमले कर रहे हैं। ब्रिटेन की मेरीटाइम सिक्योरिटी फर्म एंब्रे ने बताया है कि हमले के चलते जहाज को नुकसान हुआ है। एंब्रे ने बताया कि जिस जहाज पर हमला हुआ, उस पर पनामा का झंडा लगा है, लेकिन जहाज का स्वामित्व ब्रिटिश कंपनी के पास है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस



जहाज को बीते दिनों बेच दिया गया था और अब सेशेल्स की कंपनी के पास इस जहाज का स्वामित्व है। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह ऑयल टैंकर है और रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार आ रहा था। अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने के लिए ही अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने बीते दिनों यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले भी किए थे। हालांकि इसके बावजूद हूती विद्रोहियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। भारत ने भी अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपनी नौसेना को तैनात किया हुआ है और युद्धक जहाजों से निगरानी भी बढ़ाई है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही इस्राइल हमास युद्ध के बाद से ही लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोही फलस्तीन के समर्थन में ऐसा कर रहे हैं और पहले हूती विद्रोहियों के निशाने पर इस्राइल से संबंधित जहाज ही होते थे, लेकिन बीते काफी दिनों से अन्य देशों के जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। इसके चलते कई शिपिंग कंपनियों ने अपने जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका के लंबे रूट से भेजा जा रहा है। इससे माल की ढुलाई की लागत बढ़ गई है और वैश्विक स्तर पर महंगाई भी बढ़ी है।

# 60 साल से अरुणाचल में रह रहे चकमा समुदाय को नहीं मिली नागरिकता, तीन पीढियों का जन्म अरुणाचल में

**एजेंसी। गुवाहाटी**

चकमा समुदाय के लोग अरुणाचल में 1964 में शरणार्थी के रूप में आए थे। भारत सरकार द्वारा उन्हें पुनर्वासित किया गया था। इस समुदाय की तीन पीढियों ने यहीं पर जन्म लिया है। 1964 से यह समुदाय बिना किसी अधिकार के यहां पर रह रहा है। इस समुदाय के लोगों को मुफ्त राशन, शिक्षा, छात्रवृत्ति और नौकरी की पात्रता नहीं है। केंद्रीय मंत्री और अरुणाचल के लोकसभा सांसद किरेन रिजीजू ने इन्हें मेहमान बताया है। जिसके कारण इस समुदाय के लोग भड़क गए हैं। पाकिस्तान से शरणार्थी के रूप में आए चकमा और हाजोंग मूल रूप से पूर्वी पाकिस्तानके नागरिक थे। 1971 की लड़ाई के बाद वह बांग्लादेश बन गया। जो




उस समय पाकिस्तान का हिस्सा था। वहां के चटगांव पहाड़ी इलाकों के निवासी थे। वहां पर इनका धार्मिक उत्पीड़न हो रहा था।इन्हें भाग कर भारत आना पड़ा था। वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में इनकी आबादी अब एक लाख से अधिक है।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं माना सरकार ने** : सुप्रीम कोर्ट ने 1996 और 2015 मे अरुणाचल में बसे दोनों समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता देने के पक्ष में आदेश दिया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने भी 2022 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार चकमा हाजोंग को नागरिकता और उनके हक देने के लिए अनुशंसा की है। इसके बाद भी अभी तक इन्हें नागरिकता नहीं दी गई है। केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू के बयान से एक बार फिर अरुणाचल में अशांति की हालात पैदा हो रहे हैं।

**अरुणाचल से पलायन के लिए मजबूर** : पिछले 60 साल से चकमा समुदाय यहां पर रह रहा है। तीन पीढियों का जन्म यहां हुआ है। इसके बाद भी अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश हो जाने के बाद भी ना तो इन्हें नागरिकता दी गई है। नाही नागरिक अधिकार मिल रहे हैं। जिसके कारण यह आसपास के राज्यों में पलायन करते हैं।

## ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं

**दुर्गापुर** । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार (27 अप्रैल) को हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है। ममता 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। TMC ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई थी। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें SSKM अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे।

## साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार

**नई दिल्ली**। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इंफाल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 15वें मणिपुर स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स का वितरण किया। साहित्य अकादमी द्वारा निर्मित और अरिबम स्याम सरमा द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र "खुमन प्रकाश सिंह" को वर्ष 2023 के लिए "सर्वश्रेष्ठ जीवनी/कला और संस्कृति फिल्म" श्रेणी के तहत 15वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने ग्रहण किया। डॉ. श्रीनिवासराव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि यह वृत्तचित्र साहित्य अकादमी की भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना के अंतर्गत निर्मित 164वां वृत्तचित्र था। साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 1997 में शुरू हुई भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना का उद्देश्य महत्वपूर्ण लेखकों और साहित्य से जुड़ी बहुमूल्य सामग्रियों को एकत्र और संरक्षित करने के साथ ही अकादमी द्वारा मान्यता प्राप्त सभी भाषाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रतिष्ठित भारतीय लेखकों और विद्वानों पर वृत्तचित्रों का निर्माण करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में जदयू की ओर से देशभर में जातीय जनगणना कराने का प्रस्ताव खारिज किया था- विजय कुमार चैधरी

**पटना।** गुरुवार को प्रदेश कार्यालय, पटना में बिहार सरकार के मा0 जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चैधरी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने श्री राहुल गांधी द्वारा जातीय गणना पर दिए गए बयान को पाखंड करार देते हुए कहा कि जातीय गणना के विषय पर कांग्रेस पार्टी सहित पूरा विपक्ष देश की जनता को गुमराह कर रहा है। यह सर्वविदित है कि मा0 मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति से बिहार में जातीय गणना का कार्य पूरा हुआ था। राज्य सरकार ने अपने संसाधन से ससमय जातीय गणना कराया और न सिर्फ इसके आँकड़े प्रकाशित किए बल्कि आंकड़ों के आधार पर आबादी का जो प्रतिशत समाज के लोगों का था उस अनुपात में अलग-अलग सामाजिक वर्ग के लिए आरक्षण की सीमाओं में वृद्धि की गई। श्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 12 फीसदी से 18 फीसदी, अतिपिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 18 फीसदी से 25 फीसदी, अनुसूचित जाति के लिए 16 फीसदी से 20 फीसदी एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 1 फीसदी से 2 फीसदी तक बढ़ाई गई। साथ ही सभी वर्ग के गरीब परिवार को चिन्हित कर उनके आर्थिक उन्नयन के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत राज्य सरकार की ओर से गरीब वर्ग को अपना उद्योग लगाने के लिए २ लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। श्री विजय कुमार चैधरी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस सहजता से सफलतापूर्वक जातीय गणना कराया उससे देशभर में लोग अचंभित थे। उन्होंने कहा कि यह अजीब विडंबना है कि आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा जातीय गणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जा रहा है लेकिन उस बिहार की बात नहीं हो रही है जिसने पूरे देश में जातीय गणना का सफल मॉडल पेश करने का काम किया। साथ ही श्री विजय कुमार चैधरी ने बताया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में जद(यू0) की ओर से पूरे देश में जातीय जनगणना कराने का प्रस्ताव रखा गया तब श्री राहुल गांधी ने मा0 मुख्यमंत्री श्रीमती ममता बनर्जी के इशारे पर हमारे प्रस्ताव को खारिज कर दिया था और आज वही जातीय गणना को अपने जीवन का मिशन बताते नहीं थक रहें हैं, इसलिए हमारा स्पष्ट मानना है कि जातीय गणना को लेकर कांग्रेस की नियत साफ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस जनता से किए गए अपने वादों के प्रति गंभीर नहीं है। इनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। राजद और कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किए हैं, उसे पूरा करने के लिए उनके पास कोई नीति-कार्यक्रम नहीं है। बिहार और देश की जनता को ऐसे लोगों से सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। उक्त मौके पर पार्टी के मा0 प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, विधान परिषद के मुख्य सचेतक श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी', मा0 विधान पार्षद सह पार्टी के कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ, मा0 विधान पार्षद सह पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री रविंद्र प्रसाद सिंह एवं श्री डॉ0 नवीन आर्या मौजूद रहें।

### डॉ. मृणाल को मिला विकसित भारत एम्बेसडर में
#### पूरे देश में पहला स्थान



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साप्ताहिक विकसित भारत एंबेसडर अभियान में इस बार बिहार भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. बी झा मृणाल ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। 15 से 21 अप्रैल वाले हफ्ते की टॉप फाइव की सूची में वह पहले स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक नमो एप के माध्यम से डॉ. बी झा मृणाल के प्रयास की सराहना की गई है। दिसंबर-वर्ष 2023 में नमो एप पर विकसित भारत एंबेसडर मॉड्यूल विकसित किया गया था और लोगों से अपील की गई थी कि वह एंबेसडर बनने का प्रयास करें। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से विकसित भारत बनाने के संकल्प को मजबूती देने के लिए, डॉ. मृणाल ने काफी मेहनत की। ऐसे में नमो एप के माध्यम से उन्हें बधाई पत्र जारी करते हुए उनकी पीठ थपथपाई गई है। नमो एप पर लिखा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए आपका समर्पण प्रेरणादायी और सराहनीय है। वहीं बिहार भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. बी झा मृणाल ने एक्स पर पोस्ट कर आभार जताया और लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सप्ताह के विकसित भारत एंबेसडर के प्रथम रैंक का सर्टिफिकेट आनलाइन प्राप्त हुआ, प्रधानमंत्री जी का बहुत बहुत आभार।

### बिना लाइसेंस वाले वेंडर को दुकान लगाने की अनुमति नहीं
#### मुख्य सड़कों की जगह लिंक रोड में लगेंगी दुकानें

**पटना।** पटना शहर में नगर निगम से वेंडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त फुटपाथी दुकानदार अब अपनी दुकान के आगे प्रमाण पत्र की प्रति लगाकर रोजगार करेंगे। बगैर लाइसेंस के कोई भी दुकानदार फुटपाथ किनारे अपनी दुकान नहीं लगा सकते हैं। फुटपाथ पर सब्जी, फल, कपड़ा, मछली या अन्य सामान का ठेला लगाने वाले दुकानदारों को उसपर अपना नाम और लाइसेंस नंबर लिखना होगा। इसके साथ ही मई के पहले सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी। बेली रोड और बोरिंग रोड में मुख्य सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से लोग ठेला और दुकान लगाते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शहर की मुख्य सड़कों के फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगेंगी। इन सड़कों से सटे लिंक या सर्विस लेन में फुटपाथ दुकानदारों के लिए व्यवस्था की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। फुटपाथ दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराने के लिए नगर निगम ने आंकलन का काम शुरू कर दिया है।बेली रोड नो वेंडिंग जोन रहेगा। बेली रोड और सचिवालय के सामने सड़क किनारे स्ट्रीट वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। वेंडरों को रोजगार करने की सुविधा देने के साथ ही सड़कों पर जाम न लगे, इसके उपाय किए जाएंगे। बेली रोड के 70 और सचिवालय के सामने के 40 लाइसेंसधारी फुटपाथी दुकानदारों को जल्द ही आसपास की किसी जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा।

### होटल अग्निकांड में मालिक नहीं सरकारी सिस्टम दोषीः राजेश राठौड़

**पटना।** होटल अग्निकांड में हुई 6 लोगों की मृत्यु और तीन दर्जन से ज्यादा घायलों के मामले पर कांग्रेस राज्य सरकार पर हमलावर नजर आ रही है। इस मामले पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि होटल मालिक पर मुकदमा दर्ज करके राज्य सरकार अपने गिरेबान को दामदार होने से बचाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। जबकि इस मामले में मुख्य रूप से दोषी राज्य सरकार और उसके अधिकारी हैं जो होटलों की नियमित जांच यदि करते तो ऐसी घटना से बचा जा सकता था। साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अपनी निश्चित अंतराल पर होने वाली अपनी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करें अन्यथा इस मामले में न्यायिक जांच होना बेहद जरूरी है ताकि राज्य भर में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी केवल कागजों में होटलों की नियमित जांच करते हैं और राज्य संपोषित हफ्ता वसूली करके तय मानकों की अनदेखी करते हैं। उन्होंने होटल सेफ्टी जांच अधिकारी, फूड सेफ्टी जांच अधिकारी और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को राजधानी के होटल में हुए भीषण अग्निकांड का दोषी बताते हुए कहा कि वें यदि नियमित और मानकों के अनुरुप जांच करते तो आज इस तरीके के हादसे को टाला जा सकता था और कई निर्दोष जिंदगियों को बचाया जा सकता था।

# प्रवासी मजदूरों से घर लौटकर वोट करने की अपील

- चुनाव आयोग विशेष मजदूर ट्रेन चलाने का निर्देश रेलवे को दे-सत्यदेव राम
- स्कीम वर्कर्स फेडरेशन (ऐक्टू) ने चुनाव आयोग को पत्र लिख रसोइया,आंगनबाड़ी,आशा स्कीम वर्कर्स को चुनाव ड्यूटी का उचित व ससमय पारिश्रमिक भुगतान की मांग किया - शशि यादव

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा(खेग्रामस), ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) और ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन (एआईएसडब्ल्यूएफ) नेता क्रमशः विधायक सत्यदेव राम,धीरेंद्र झा,शशि यादव और रणविजय कुमार ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि राज्य के एक करोड़ से ज्यादा खेत एवं ग्रामीण मजदूर राज्य से बाहर अन्य राज्यों मे काम करते हैं,उन्हें घर आने की व्यवस्था चुनाव आयोग को करनी चाहिए ताकि लोग अपना मतदान कर सकें। अन्य राज्यों में कार्यरत प्रवासी बिहारी मजदूर मतदान में हिस्सा ले सके इसके लिए नेताओं ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वे रेलवे से मजदूरों के घर आने के लिए विशेष ट्रेन चलाने के व्यवस्था करने का आग्रह रेलवे से करे। विदित हो कि एक एक बूथ पर 10 से 15 प्रतिशत श्रमिक मतदाता राज्य से बाहर अन्य राज्यों में कार्यरत हैं। नेताओं ने संयुक्त बयान में प्रवासी मजदूरों से अपील की है कि मजदूरों के लिए यह चुनाव अहम है क्योंकि न्यूनतम मजदूरी की कानूनी व्यवस्था,8 घंटे से ज्यादा काम लेने का आदेश, पेंशन आदि के संवैधानिक सवाल अहम हैं। अदानी-अंबानी के कंपनी राज में मजदूरों का अधिकार चौतरफा खतरे में है। नेताओं ने आगे कहा है कि 7 लाख से अधिक स्कीम वर्कर्स को बिना किसी उचित पारिश्रमिक घोषणा के चुनाव में लगाया जा रहा है।भीषण धूप और लू से सुरक्षा का कोई संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है। यहां तक कि मिल रही खबर के मुताबिक बूथों पर पेयजल जैसी बुनयादी सुविधा भी उपलब्ध नही कराया गया है। इस बीच आज 26 अप्रैल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी,बिहार को ऐक्टू से सम्बद्ध ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने पत्र भेजकर पूर्व में सम्पन्न हुए चुनाव के कार्य मे लगाए गए आशा, आंगनबाड़ी,विदयालय रसोइया आदि कर्मियों को पारिश्रमिक भुगतान में बरती गई भारी अनियमितता को दूर करने की मांग किया गया है ,कहा गया है कि आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा विदयालय रसोइयों से बिना पारिश्रमिक भुगतान के बेगार के तौर पर काम लिया जाता है, विधायक सत्यदेव राम, एमएलसी शशि यादव, धीरेंद्र झा व रणविजय कुमार नेताओं ने स्कीम वर्कर्स को चुनाव ड्यूटी का न्यूनतम मेहनताना 1000 रुपए दैनिक भुगतान करने तथा पारिश्निक भुगतान में अनियमितता को दूर करने के लिए सभी जिलाधिकारी को चुनाव आयोग द्वारा पत्र भेजकर उचित व ससमय पारिश्रमिक भुगतान के गारंटी की मांग किया है।

## नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

- मुर्गा को लगता है कि उसे बांग देने से ही होती है सुबह
- बिहार में फिर राजद का सूपड़ा होगा साफ

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि तेजस्वी यादव नौकरी देने का फटा ढोल पीट रहे हैं, जिसकी बेसुरी आवाज कोई सुनना नहीं चाहता। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुर्गा को लगता है कि उसे बांग देने से ही सुबह होती है और लोगों की नींद खुलती है। तेजस्वी यादव को यह मालूम होना चाहिए कि यह बिहार है, यहां के लोग झूठे और फरेबियों को सबक सिखाना जानते हैं। बिहार के लोग जानते हैं कि नौकरी किसने दी और कौन श्रेय लेने के लिए बेचैन है। श्री मिश्र ने कहा कि यह कोई भी समझ सकता है कि सरकार में फैसला लेने का अधिकार मुख्यमंत्री को होता है या किसी और को। क्रिकेट या किसी भी टीम का नेतृत्व कप्तान करता है। दूसरे खिलाड़ी कप्तान के नेतृत्व में सिर्फ प्रदर्शन करते हैं। तेजस्वी के बारे जगजाहिर है कि वे न तो कभी बेहतर खिलाड़ी साबित हुए और न ही बेहतर जनप्रतिनिधि। ये सिर्फ भ्रष्टाचार का रायता फैलाने में माहिर हैं। नौकरी देने का फैसला तेजस्वी का नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय' का फैसला है। यही, कहा जाता है कि काम करे कोई और उसका श्रेय लेने के लिए ढोल कोई और पीट रहा है। श्री मिश्र ने सवालिया लहजे में कहा, ये लोग कभी किसी को नौकरी दे सकते हैं क्या? ये लोग तो नौकरी के बदले जमीन हड़पने वाले लोग हैं। खाली पदों की बोली लगाकर अपनी तिजोरी भरने वाले लोग हैं। इन बातों को बिहार की जनता जानती है और एक बार फिर राजद का सूपड़ा साफ होनेवाला है।

## पहले मतदान फिर जलपान



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** - प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सहर अरिहंत क्लासेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गत ।फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुरजीत ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में रोहित कुमार,विकाश कुमार, हिमांशु शर्मा समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## परिवारवाद की सोच से ग्रसित लोग कभी गरीबों के हितैषी नहीं हो सकते हैं- उमेश सिंह कुशवाहा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार जनता दल (यू0) के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जद(यू0) प्रत्याशी श्री देवेश चंद्र ठाकुर एवं मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी श्री डॉ0 राजभूषण निषाद चैधरी के नामांकन समारोह में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि माता सीता की पावन जन्मभूमि पर जन्म लेने वाला हर व्यक्ति आदर का पात्र है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा का यह चुनाव दो धारा के बीच है, एक तरफ राजद-कांग्रेस की बेमेल गठबंधन है जो सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति करती है और सत्ता को कमाई का साधन मानती है। वहीं दूसरी ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार है जो शोषित-वंचित की तरक्की के लिए दिनरात तत्पर रहते हैं। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि परिवारवाद की मानसिकता रखने वाले लोग कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते हैं। सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को ऐसे दोमुहें लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जद(यू0) प्रत्याशी श्री देवेश चन्द्र ठाकुर के अद्भुत कार्यक्षमता और अनुभव की कायल पूरा बिहार है। हमें विश्वास है कि वें सीतामढ़ी के लिए बेहतर काम करेंगे। श्री नीतीश कुमार जी ने जद(यू0) की ओर से सबसे पहले जिस उम्मीदवार की घोषणा की थी, वो श्री देवेश चन्द्र ठाकुर थे। चुनाव में लोग कई तरह के समीकरण की बात करते हैं लेकिन हमारा मानना है कि जब आपके भीतर सेवा की भावना प्रबल होती है, तब सारे समीकरण ध्वस्त हो जाते हैं और जीत सेवाभावना की होती है साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन का मुख्य एजेंडा जनता के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार करना है और बीते वर्षो में हमने बिहार की तरक्की के लिए जो काम किए हैं उसी के आधार पर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने निकलें हैं लेकिन आश्चर्य का विषय है कि विपक्षी पार्टी राजद इस चुनाव में अपने 15 साल के कार्यकाल की चर्चा तक नहीं कर रही है। इसकी असली वजह यह है कि जंगलराज और भ्रष्टाचार राजद के शासनकाल की एकमात्र पहचान रही है। बिहार की जनता ने जंगलराज के काले दौर को झेला है, जंगलराज स्थापित करने वालों के बहकावे में जनता अब नहीं आएगी। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव नए पीढ़ियों की दशा और दिशा को तय करेगा। मोदी-नीतीश की जोड़ी के नेतृत्व में हम 'विकसित भारत-विकसित बिहार' के संकल्प को साकार करने निकले हैं। बिहार में मा0 मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं देश में मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में यह साबित किया है कि विकास के प्रति एनडीए की सोच में कोई खोंट नहीं है इसलिए एनडीए प्रत्याशी को दिया गया प्रत्येक वोट बेहतर भविष्य के निर्माण में निर्णायक साबित होगा।

## दूसरे चरण के मतदान के साथ ही देश में करीब 35 प्रतिशत लोकसभा चुनाव सम्पन्न - तीसरे चरण की मतदान 7 मई को होगी - चार जून को होगी मतगणना

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल, 2024 को असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, यूपी, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर के इन सभी राज्यों की कुल 89 सीटों पर लोकसभा सीटों पर सम्पन्न हुआ। 40 लोक सभा सीटों वाली बिहार में, दूसरे चरण में 5 सीटों पर किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका में मतदान और उत्तर प्रदेश की 80 लोक सभा सीटों में से 8 सीटों पर अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतम बुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ में मतदान हुई। बिहार के दूसरे चरण की मतदान प्रतिशत 58.58 रहा। सूत्रों की माने तो मतदाताओं में मतदान के लिए जोश नहीं देखा गया, इसका एक कारण भीषण गर्मी भी हो सकता है। ऐसे तो बिहार के किशनगंज में 57.02 प्रतिशत, कटिहार में 57.89 प्रतिशत, पूर्णिया में 61.39 प्रतिशत, भागलपुर में 49.43 प्रतिशत और बाँका 50 प्रतिशत मतदान हुआ है। किशनगंज लोकसभा में विधानसभा अनुसार बहादुरगंज में 59.37 प्रतिशत, ठाकुरगंज में 58.44 प्रतिशत, किशनगंज में 52.73 प्रतिशत, कोचाधामन में 57.52 प्रतिशत, अमौर में 50.80 प्रतिशत और बैसी में 64.23 प्रतिशत मतदान हुआ। कटिहार लोकसभा में विधानसभा अनुसार कटिहार में 57.89 प्रतिशत, कदवा में 50.01 प्रतिशत, बलरामपुर में 63.02 प्रतिशत, प्राणपुर में 54.63 प्रतिशत, मनिहारी में 52 प्रतिशत और बरारी में 61.49 प्रतिशत मतदान हुआ। पूर्णिया लोकसभा में विधानसभा अनुसार कस्बा में 63.50 प्रतिशत, बनमनखी में 59.10 प्रतिशत, रूपौली में 60.50 प्रतिशत, धमदाहा में 61.01 प्रतिशत, पूर्णिया में 61 प्रतिशत और कोरहा में 63.51 प्रतिशत मतदान हुआ। भागलपुर लोकसभा में विधानसभा अनुसार बिहपुर में 48 प्रतिशत, गोपालपुर में 53 प्रतिशत, पीरपैंती में 47.19 प्रतिशत, कहलगाँव में 55.49 प्रतिशत, भागलपुर में 44.90 प्रतिशत और नाथनगर में 48.22 प्रतिशत मतदान हुआ। बाँका लोकसभा में विधानसभा अनुसार सुल्तानगंज में 47 प्रतिशत, अमरपुर में 41.89 प्रतिशत, घोड़ैया में 51.06 प्रतिशत, बाँका में 54.04 प्रतिशत, कटोरिया में 51.51 प्रतिशत और बेलहर में 50.01 प्रतिशत मतदान हुआ। 7 मई को तीसरे चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक. मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, पश्चिम बंगाल, दादरा एंड नगर हवेली और दमन एवं दीव और जम्मू कश्मीर के सभी राज्यों की कुल 94 सीटों पर मतदान होंगे। बिहार में तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा एवं खगड़िया, चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय एवं मुंगेर, पांचवे चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण एवं हाजीपुर, छठ्ठे चरण में वाल्मीकिनगर, प. चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज एवं सीवान और सातवें एवं अंतिम चरण में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट एवं जहानाबाद मतदान होगी। एक तरफ मतदान शुरू है तो दूसरी तरफ राजनीतिक सियासत भी शुरू है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश को बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण है, इसलिए वैश्विक हालात से निपटने के लिए सक्षम सरकार जरुरी है। लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद। युवा और महिला मतदाता एनडीए की ताकत बनकर उभर रहे हैं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगी, इसलिए एक एक वोट कीमती है, बाहर निकले और मतदान करें। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि पहले दिन का शो भाजपा के लिए फ्लॉप हो गया है। दूसरे चरण में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट डालने के लिए हर समाज और वर्ग में गजब का उत्साह देखा गया है। भाजपा के मतदाता कम हो रहे है। राकापा (पवार गुट) प्रमुख शरद पवार का कहना है कि अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि यह मामूली चुनाव नहीं है, यह देश और संविधान को बचानेवाली चुनाव है। अशोक गहलोत का कहना है कि देश में ऐसे हालात पैदा कर दिया गया है कि संयुक्त राष्ट्र को बोलना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि कांग्रेस, बसपा और सपा देश की तमाम समस्याओं की जड़ है। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का कहना है कि भाजपा अपनी हार को भांप घबरा गई है। आज इनके समर्थक पुलिस से भीड़ गए तो जनता का क्या हाल करेंगे। जनता इन्हें जवाब देगी। वही कांग्रेस नेता अशोक गहलोत का मानना है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर न्याय की संकल्पना को साकार करते हुए सशक्त सरकार का गठन करने में सफल होंगे। भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि जनता कांग्रेस के इरादे को कभी कामयाब नहीं होने देगी और भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या का मानना है कि मतदान करने वाले अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। देशभर में युवा मतदाताओं में गजब का उत्साह है, ये विपक्षी दल को बड़ा संदेश है। दूसरे चरण के मतदान के साथ ही देश में करीब 35 प्रतिशत लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया है। कमोबेश मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है और मतदान प्रतिशत भी चिंताजनक नहीं लगता है। दो चरणों के सभी उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद हो गया है और 04 जून को फैसले का निर्णय सुनाये जायेंगे। प्रथम चरण की अपेक्षा दूसरे चरण में मतदान ज्यादा हुआ है। छोटे राज्यों में ज्यादा तेजी से और ज्यादा मतदान हुआ है। त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ में भी तेज मतदान हुआ है जो प्रशंसनीय है। बिहार में दूसरे चरण के मतदान के बाद भी सभी पार्टियाँ अपनी अपनी जीत के दावे करने में लगे हुए हैं।

## तेजस्वी यादव ने वैशाली जिला के जंदाहा अंतर्गत दुलौर गांव के अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर उनके प्रति हमदर्दी का इजहार किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** वैशाली जिला के जंदाहा अंतर्गत दुलौर गांव के अग्नि पीड़ित परिवार से मिलने तथा उनके प्रति हमदर्दी का इजहार करने के लिए आज नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अग्नि पीड़ित गांव के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर भीआईपी पार्टी के सुप्रीमो पुर्व मंत्री श्री मुकेश साहनी, श्री शिवचंद्र राम, श्री आलोक कुमार मेहता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार साहनी सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि गत दिनों जंदाहा अंतर्गत दुलौर गांव आग के चपेट में आ गया था और यहां काफी क्षति हुआ था। इस हृदय विधायक घटना की जैसे ही सूचना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी जी को मिली वह आज गांव के पीड़ित परिवार से मिलने और गांव के सभी लोगों से मिल कर सांत्वना देने के लिए पहुंचे । जहां हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी व्यथा नेता प्रतिपक्ष के समक्ष रखी। ज्ञातवय हो कि दुलौर गांव राजद अति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार साहनी जी का गांव है ,जहां अति पिछड़ा ,पिछड़ा और दलित समाज के के लोग निवास करते हैं। इस अग्निकांड में बड़ी संख्या मवेशियों की मौत हो गई और लोगों को रहने के लिए जो आशियाना था वह भी उजड़ गया करीब 2 किलोमीटर तक आज की लपटो ने लोगों को चपेट में ले लिया।

## नीतीश कुमार ने माफिया राज को नेस्तनाबूद कर बिहार में सुशासन स्थापित किया - उमेश सिंह कुशवाहा

- कानून-व्यवस्था बेहतर होने से देश-दुनिया के निवेशकों का बिहार की ओर बढ़ रहा है आकर्षण - उमेश सिंह कुशवाहा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार जनता दल (यू0) के माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि वर्ष 1995 से 2005 तक बिहार की कानून-व्यवस्था का खस्ताहाल था। राजद की तत्कालीन सरकार ने रणनीति के तहत राज्य में अपराध उद्योग को खाद्य पानी देने का काम किया। राजद द्वारा पोषित गुंडों और अपराधियों ने प्रदेश के शासन व्यवस्था को पूरी तरह हाईजेक कर लिया था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2005 में जब माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के हाथों में बिहार का बागडोर मिला तो सबसे पहले उन्होंने अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया और माफिया राज को नेस्तनाबूद कर बिहार में सुशासन स्थापित किया। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 2005 के बाद माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई तब जाकर प्रदेश की जनता को खुलकर जीने की आजादी मिली। अपराधियों और गुंडों के भय से बच्चियाँ स्कूल तक नहीं जाती थी। व्यापारी वर्ग का परिवार दहशत के माहौल में अपना जीवन व्यतीत करता था लेकिन आज बिहार अपराधियों को बोलबाला समाप्त हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अपराध पर लगाम लगने से बिहार के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान हुई है। वर्ष 2005 में जिस बिहार का कुल बजट 23,800 करोड़ रुपए था आज वह बढ़कर 2,78,725 करोड़ रुपये का हो गया है। श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार जंगलराज के अंधेरे से निकलकर विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश-दुनिया के निवेशकों का बिहार की ओर बढ़ रहा आकर्षण इस बात को मजबूती से साबित करता है कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है। असुरक्षा और भय का बादल पूरी तरह से छंट चुका है। नए उद्योग धंधे लगने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहें हैं।

# कैदी की ईलाज के दौरान मौत के बाद मधेपुरा में बवाल

नई सोच एक्सप्रेस



**मधेपुरा** में एक कैदी की ईलाज के दौरान हुई मौत के बाद मधेपुरा में भयंकर बवाल मचा वहीं परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर खूब हंगामा किया। हालांकि मौके पर पहुँचे जिला प्रशासन के आलाधिकारियों ने मोर्चा संभाला और जाम तुड़वाया गया। मृतक के परिजनों के अनुसार मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 5 निवासी मोहंती मुखिया को मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने 23 अप्रैल की रात को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गयी। 24 अप्रैल को उसे व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया। इसी दौरान मृतक द्वारा उसकी पत्नी को पुलिस द्वारा मारपीट करने की बात बताई गई। जिसके बाद मोहंती मुखिया का ईलाज जन नायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में होने की जानकारी परिजनों को मिली। परिजन उनसे मिलने वहाँ

**• परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, प्रशासन ने संभाला मोर्चा**

पहुँचे तो उन्हें नहीं मिलने दिया गया। परिजनों का आरोप है कि ईलाज के दौरान मृतक को रस्सी से बांध कर रखा गया था। वहीं आज मोहंती मुखिया की मौत की सूचना परिजनों को मिली। परिजन जब मेडिकल कॉलेज पहुँचे तो उन्हें वहाँ उन्हें रोक दिया गया। लगभग चार घंटे इंतजार करने के बाद परिजनों का गुस्सा फुट पड़ा और मेडिकल कॉलेज गेट के पास सड़क जाम कर परिजनों ने जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद आक्रोशित परिजन मधेपुरा के कॉलेज चौक पहुँच टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। परिजनों का आरोप था कि पुलिस की बरबर्तापूर्ण पिटाई की वजह से ही मोहंती मुखिया की मौत हुई है। सड़क जाम की सूचना पर वहाँ पहुँचे सदर थाना अध्यक्ष विमलेंदु कुमार ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित परिजन उनकी एक बात न मानी। वहीं जाम स्थल पर पहुँचे एएसपी प्रवेंद्र भारती और एसडीएम संतोष कुमार द्वारा दोषियों पर कार्यवाही और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिलने के आश्वासन के बाद सड़क जाम को खुलवाया गया। एएसपी प्रवेंद्र भारती और एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए उचित मुआवजा दिया जायेगा। इधर शव का पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौप दिया गया है।

## 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत कुल 38 मोबाइल फोन मोबाइल धारकों को लौटाया गया



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। ज़िला के पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह ने विभिन्न थानों से प्राप्त 038 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाया गया। ज्ञात रहे कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत मोबाईल फोन की गुमशुदगी की घटनाओं को देखते हुए जहानाबाद पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान' के तहत सभी थाना/ओ०पी० में दर्ज इस तरह की घटनाओं की जानकारी एकत्रित कर तकनीकी अनुसंधान के जरीए कुल 38 मोबाईल फोन बरामद करते हुए मोबाईल के वास्तविक धारक को वितरण किया गया। पिछले वर्ष 2023 में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 23 मोबाईल एवं थाना स्तर से 23 मोबाईल कुल 46 मोबाईल फोन का वितरण किया जा चुका है। थाना स्तर से जनवरी फरवरी 2024 में कुल 08 मोबाईल फोन का वितरण किया जा चुका है। इस प्रकार ऑपरेशन मुस्कान' के तहत जहानाबाद पुलिस के द्वारा कुल 92 मोबाईल फोन (लगभग कुल कीमत 18.5 लाख) बरामद कर लोगों को वापस की जा चुकी है। इस ऑपरेशन के तहत जहानाबाद पुलिस आम जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। मोबाइल धारकों ने जहानाबाद पुलिस की सक्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त किया और पुलिस अधीक्षक का आभार जताया। उनलोगो ने आशा व्यक्त की कि ज़िला की पुलिस इसी सक्रियता के साथ हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगी और पुलिस की ईमानदारी के प्रति जिलावासियों का विश्वास पुनः कायम होगा ।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### विकास वैभव की नीति से बिहार की अर्थव्यवस्था मज़बूत होगा



**[ आईपीएस विकास वैभव का मानना है कि बिहार जैसे राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संबंधों को मज़बूत करते हुए उनके मौजूदा आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संबंधों पर ध्यान देकर शहरी एवं ग्रामीण दोनों के निवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये एकीकृत नीतियों की आवश्यकता है। कृषि पर आधारित ग्रामीण आबादी की आय कम होना और विपदा आने पर कृषि भूमि का बिक जाना भी प्रमुख कारण पलायन का बना हैं। ]**

शहरीकरण भारतीय समाज की एक आम विशेषता बन गया है। चूँकि शहर वैश्वीकरण के मुख्य लाभार्थी रहे हैं और शहरी जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, रोज़गार की तलाश में लाखों लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, वर्तमान में भारत की जनसंख्या 31.1% के शहरीकरण स्तर के साथ वर्ष 2011 में 1210 मिलियन थी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार की गई 'विश्व शहरीकरण संभावनाएँ, 2018' रिपोर्ट के अनुसार, भविष्य में दुनिया की शहरी आबादी के आकार में वृद्धि कुछ ही देशों में अत्यधिक केंद्रित रहने की उम्मीद है। वर्ष 2018 से 2050 के मध्य दुनिया की शहरी आबादी की वृद्धि में भारत, चीन और नाइजीरिया का योगदान 35% रहने का अनुमान है। वर्ष 2050 तक भारत के शहरी निवासियों की संख्या में 416 मिलियन की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। बिहार, ओडिशा, असम और उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का स्तर राष्ट्रीय औसत से कम है। 62.2% शहरी आबादी के साथ गोवा सबसे अधिक शहरीकृत राज्य है। तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात ने 40% से अधिक शहरीकरण की स्थिति प्राप्त कर ली है। उत्तर-पूर्वी राज्यों में मिज़ोरम 51.5% शहरी आबादी के साथ सबसे अधिक शहरीकृत है। देश की 75% से अधिक शहरी आबादी निम्नलिखित 10 राज्यों में हैः महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और केरल। ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में प्रवास पूर्णतया मानव दृष्टिकोणों पर निर्भर करता है। शहर की तरफ आकर्षण और ग्रामीण क्षेत्रों से मुंह मोड़ लेने के पीछे आधुनिकरण, स्वास्थ लाभ, सड़क, शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलना ही प्रमुख कारण है। कृषि पर आधारित ग्रामीण आबादी की आय कम होना और विपदा आने पर कृषि भूमि का बिक जाना भी प्रमुख कारण पलायन का बना हैं। आईपीएस विकास वैभव का मानना है कि बिहार जैसे राज्य में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संबंधों को मज़बूत करते हुए उनके मौजूदा आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संबंधों पर ध्यान देकर शहरी एवं ग्रामीण दोनों के निवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये एकीकृत नीतियों की आवश्यकता है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान इसके लिए तटस्थ है और चिंतनशील होकर समाज को प्रेरित कर रहा है। बिहार से पलायन कर अन्य राज्यों में हर साल करोड़ों की संख्या में लोग जा रहे हैं। इसके पीछे आधुनिकरण है, जो लोगों को शहरी क्षेत्रों की ओर आकर्षित करते हैं। और, गरीबी जो लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों से दूर करते हैं। कारकों द्वारा संचालित होता है। रोज़गार के अवसर, शैक्षणिक संस्थान और शहरी जीवनशैली आकर्षक करने वाले मुख्य कारक हैं। रहने की खराब स्थिति, शैक्षिक और आर्थिक अवसरों की कमी तथा खराब स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ ऐसे मुख्य कारक जो ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में जाने के लिये प्रेरित करते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूती से बिहार से पलायन रुकेगा। बिहार की कुल आबादी का 85% ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। यह लगभग 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर के साथ भारत के सबसे घनी आबादी वाले राज्यों में से एक है। बेहतर जीवन और आधुनिकरण की तरफ आकर्षित होकर बिहार की मज़बूत कृषक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन कर रही हैं। यह दुखद है कि ये मज़बूत हाथ अपने बिहार को भाग्य भरोसे छोड़ कर अन्य राज्यों के भाग्य को चमकाने में लग गया हैं। अपने बिहार में मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए आईपीएस विकास वैभव लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार के बौद्धिकों को साथ लेकर चिंतनशील हो चुके है। साथ ही, बिहार से बाहर रह रहे बिहारियों के अन्दर बिहारी अस्मिता के भाव भरने के लिए, बिहार के पूर्वजों का उदाहरण लगभग लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के हर मंच से देते आएं है। मिलकर ही हम अपने बिहार को बेहतर और सुंदर बना सकते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# शनिवार को उजियारपुर प्रखंड के किसान कोल्ड स्टोरेज महेशपट्टी में महागठंधन कार्यकर्ताओ की एक महत्वपूर्ण बैठक

नई सोच एक्सप्रेस




**समस्तीपुर**। आज शनिवार को उजियारपुर प्रखंड के किसान कोल्ड स्टोरेज महेशपट्टी में महागठंधन कार्यकर्ताओ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई तथा महागठबंधन प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता को लोकसभा चुनाव में अपार बहुमत से जिताने का संकल्प लिया गया 1 अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद राय, विषय प्रवेश जिला राजद महासचिव मो० परवेज आलम तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव प्रभु नारायण राय ने की 1 बैठक को सम्बोधित करते हुए महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता ने कहा कि इस बार का चुनाव किसी व्यक्ति या पार्टी को जिताने का नहीं है, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का है। लालू यादव और कर्पूरी ठाकुर की विचारधारा को बचाने का है। देश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है 1 किसी के खाते में 15 लाख रुपये नहीं आये है 1 शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल रही है बल्कि कर्मचारियों छटनी लगातार हो रही है 1 देश में भय , भ्रष्टाचार व अराजकता का आलम है 1 लोकतंत्र व संविधान खतरे में है 1 भाजपा नफरत व घृणा की राजनीति कर रही है 1 भाजपा ने अब तक चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है 1 पूरे देश में डर का माहौल पैदा हो गया है 1 समस्तीपुर जिला राजद अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने कहा कि मोदी सरकार में सिलेंडर का दाम 350 से 1200 हो गया, पेट्रोल का दाम 55 से 110 तक पहुंच गया, डीजल का दाम 50 से 95 तक पहुंच गया 1 मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल है तथा उसकी उल्टी गिनती प्रारम्भ जो गयी है 1 भाजपा 150 का आकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी तथा देश में अब अगली सरकार इंडिया गठबंधन की होगी 1 बैठक को समस्तीपुर जिला राजद अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, उजियारपुर संगठन के राजद जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो , माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो , भाकपा केन्द्रीय कमिटी के सदस्य अवधेश कुमार , जिला राजद के प्रधान महासचिव विपीन सहनी, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर , मिथिला डेयरी के अध्यक्ष उमेश राय, भाकपा अंचल मंत्री सूर्यदेव पांडेय , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुंवर, भाकपा माले नेता महावीर पोद्दार , माकपा नेता अवधेश मिश्र, कांग्रेस के वरीय नेता काजी नसीम एकता , प्रदेश राजद सचिव प्रभु नारायण राय, समाजसेवी मो० शकील एकता , मो० रूहुल्लाह खान गुड्डू , पूर्व मुखिया राजेन्द्र सिंह , पूर्व मुखिया रामलौलीन राय, पूर्व मुखिया कामेश्वर राय, जिला राजद महासचिव जगदीश राय, जिला राजद महासचिव मो० परवेज आलम , युवा राजद के प्रदेश महासचिव डा० सूरज दास, युवा राजद के प्रांतीय नेता पप्पू यादव , सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, राजद नेता विजेन्द्र राम, मिथिलेश गोप, सनोज कुमार , राजीव गुप्ता , मो० हाफिज, मो० चाँद, रामकुमार बैठा , मो० असरफ, मो० रहमान , बबलू राही, अरुण सिंह , राजकुमार राय, मनोज राय, करण भास्कर , अशोक सिंह , मो० इमामुद्दीन, सोनू कुमार आदि मौजूद थे 1

## शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता काज़ी शकील एकता ने कहा

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता काज़ी शकील एकता ने समस्तीपुर सुरक्षित लोक सभा छेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सन्नी हजारी की जीत का दावा करते हुए कहा की देश की जनता इस बार किसी भी झांसे में आने वाली नही हैं।उन्होंने समस्तीपुर लोक सभा छेत्र के विभिन्न गांव का दौरा कर लौटने पर पत्रकारों से बात चीत करते हुए कहा है की चिराग पासवान ने छःलोक सभा सीटों में चार सीटों को मोटी रकम लेकर बाहरी उम्मीदवारों को टिकट दिया। जबकि इसके विपरित कांग्रेस ने स्वच्छ छवि के जमीन जुड़े युवा लीडर सन्नी हजारी को टिकट दिया है यही सन्नी के जीत का कारण बनेगा।उन्होंने कहा है की सन्नी हजारी को हराने के लिए पूरा कैबिनेट लगा हुआ है लेकिन सन्नी अकेले ही मैदान में डटे हुए हैं क्योंकि यहां की जनता सन्नी के साथ है।उन्होंने आगे कहा की समस्तीपुर लोक सभा छेत्र का भ्रमण करने के पश्चात यह देखने को मिला यहां सिर्फ एक ही मुद्दा और एक ही नारा है की सन्नी लोकल प्रत्याशी हैं।इन्हे लोकल होने के कारण जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।

# बेगूसराय में सड़क हादसे में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**बेगूसराय** में सड़क दुर्घटना में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई है दरअसल बेगुसराय में बीती रात सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। पुरा घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव के समीप की है। मृतक की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के भवानंदपुर निवासी हाफिज मिराज अंसारी के पुत्र मोहम्मद बली अल्लाह एवं मोहम्मद मकतुब के पुत्र मोहम्मद इरशाद उर्फ गोरे के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बंगाल में किराना दुकान चलाने वाला मोहम्मद इरशाद एवं दिल्ली में चप्पल-जूता का काम करने वाला मोहम्मद बली ईद में अपने घर आया हुआ था। इरशाद के एक दोस्त के बहन की रात वीरपुर में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान पकड़ी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने सामने से धक्का मार दिया जिसमें दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना परिजन और स्थानीय थाना और डायल 112 को दिया। डायल-112 मौके पर पहुंची और दोनों शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जप्त कर लिया गया है, घटना की जांच पड़ताल चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लू लगने पर होम्योपैथिक दवा

**नेट्रम म्यूर 30, ग्लोनाइन 30 दवा लेकर घर से निकलें**



**फतुहा**। गर्मियों में सबसे बड़ा खतरा लू लगने से होता है। इससे बचाव ही इसका उपचार है। खाली पेट न रहे, पानी अधिक पिएं सिर पर टोपी का उपयोग करें। धूप से आकर तुरंत पानी पीना, स्नान करना खतरनाक है। मौसम का तापमान बढ़ने से शरीर का संतुलन दिया जाता है । जिससे आंतरिक दुष्प्रभाव है लू ? तेज बुखार, बेचैनी , असहनीय सिर में दर्द,शरीर में जलन, मुंह और गला में सुखापन, तीव्र अवस्था में बेहोशी हो सकता है। होम्योपैथिक दवा ग्लोनाईन 6/12/30 तीनों नम्बर से कोई एक मुंह के अंदर या हांथ, पैर कहीं भी ले सकते हैं। दूसरी दवा है नेट्रम म्यूर 30 यह भी दवा लेकर बाहर निकलें। लू लगने से पसीना ज्यादा निकलता है यह दवा नमक से बना है, धूप में निकलने से पहले लेने से लू नहीं लगती है।

# आर एल महतो बीएड कॉलेज के सहायक प्राध्यापक पीएचडी की डिग्री हासिल करने पर किये गए सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। दलसिंहसराय स्थानीय रामपुर जलालपुर स्थित आर एल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के सहायक प्राध्यापक निर्मल कुमार चंचल ने पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय से एजुकेशन विषय मे यह डिग्री हासिल किया। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अवध किशोर द्विवेदी के मार्गदर्शन में उन्होंने 'शिक्षा के विकास में ऑनलाइन प्रणाली का विवेचन एवं मूल्यांकन' विषय पर शोध को पूर्ण किया। वहीं महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका सविता कुमारी ने मध्यप्रदेश के सिहोर स्थित श्रीसत्य साईं यूनिवर्सिटी से डॉ. ऋषिकेश यादव के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, व्यावसायिक तनाव और सामाजिक, आर्थिक स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध पूर्ण करते हुए पीएचडी की डिग्री हासिल की। इनको पीएचडी की डिग्री मिलने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पर नियुक्त होने के लिए नेट या पीएचडी की डिग्री की आवश्यकता होती है। डिग्री मिलने से अभ्यर्थी आत्मनिर्भर होते हैं। वहीं डीएलएड विभागाध्यक्ष मो. इमामुद्दीन ने कहा कि महाविद्यालय के दो सहायक प्राध्यापक पीएचडी की डिग्री हासिल किया जो कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पीएचडी की डिग्री हासिल होने से पदोन्नति एवं इंक्रीमेंट का लाभ मिलता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक केशव कुमार चौधरी, उमाशंकर चंदन, मुकेश राय, कुमारी दीपा, राजेश कुमार गिरी, रूपम कुमारी, योगेश कुमार, हसन राजा अंसारी, आकांक्षा कुमारी, सर्वेश सुमन, अनिल कुमार प्रभात, नीलिमा कुमारी, पल्लव पारस, रूपक कौशल सहित सभी कॉलेज कर्मियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें बधाई दिया।

## देसी पिस्तौल एवं कारतूस रखने के आरोप मेंभुगतना होगा 3 साल का कठोर कारावास

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विकास झा की अदालत ने देसी पिस्तौल एवं कारतूस रखने के आरोपी इस्लाम यादव के सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरा करने के उपरांत इस्लाम यादव को शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-b) aके तहत 03 साल का कठोर कारावास एवं 5000 अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। इसकी जानकारी एस.डी.पी.ओ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में घोसी थाना के अवर निरीक्षक मोहम्मद अयूब ने घोसी थाने में इस्लाम यादव को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराया था । इस दर्ज प्राथमिकी में सूचक ने आरोप लगाया था कि 07 सितंबर 2003

**• मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विकास झा की अदालत ने सुनाया फैसला**

को रविवार सुबह 6:30 बजे शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान करने के उद्देश्य से कलसटर सेंटर पहुंचा तो गुप्त सूचना मिली कि कुबेर गांव में इस्लाम यादव के घर पर हरवे हथियार के साथ अपराधियों का जमाबड़ा लगा है। इस सूचना पर हम लोग पुलिस बल के साथ इस्लाम यादव के घर पहुंचे एवं घर की घेराबंदी करके तलाशी लिया गया तो एक कमरे में ताख फर रखा गया देसी पिस्तौल और .315 बोर का कारतूस बरामद हुआ। इस संदर्भ में इस्लाम यादव के द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। बताते चलें कि इस मामले में अभियोजन की ओर से न्यायालय में सात गवाह प्रस्तुत किया गया था।

# बिहार में जीरो टॉलरेंस

**भाजपा नेता के पुत्र को तेजाब से नहलाया**



**फतुहा**। बेगूसराय थाना क्षेत्र के बड़ी ऐघु भारद्वाज नगर निवासी पूर्व फौजी भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के नेता कौशल कुमार के 21 वर्ष के पुत्र अंगद कुमार को अपहरण कर हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं तेजाब से नहला दिया गया। तेजाब से जला उनका शव मटिहानी थाना क्षेत्र के खोरमपुर चकोर गंगा घाट से बरामद किया गया। ऐसा विभत्स तरीका से जलाया गया कि पहचान भी मुश्किल था। पहचान अंगूठी से हुई। अंगद 24 अप्रैल से लापता थे। इस बारे में पिता ने मुफस्सिल थाने में मामला दर्जी कराया था। आशंका की जा रही है कि बदमाशों ने हाथ पैर बांधकर पहले पिटाई की उसके बाद तेजाब से जलाकर हत्या कर दी। स्वजन तेजाब पिलाई जाने की बात भी कह रहे हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि ऐसे घटनाएं सुनकर दिल दहल जाता है, ऐसी घटना रोकने के लिए कोई चर्चा तक नहीं की जाती है परंतु मृतक के घर जाकर नकली आंसू का दर्शन करा आते है। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने बिहार के भाजपा और जदयू सरकार से सवाल किया है कि क्या बिहार के ऐसी कोई माताएं नहीं है जो आदित्यनाथ योगी के तरह पुत्र पैदा करें जो आम नागरिकों का रक्षक बन सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पहने शाम ढलने सड़कों पर निकलने से भी डरती थी जनता : शीला

**देश के भविष्य को तय करने वाला है यह चुनाव, जनता व परिवारवादियों के बीच है मुकाबलाः राजीव रंजन**

**पटना।** परिवहन मंत्री ने कहा कि नीतीश के समाजवादी शासन से पहले बिहार में कैसी अंधेरनगरी थी उसे लोग भूले नहीं हैं। तब जनता शाम ढले सड़कों पर निकलने से भी डरती थी, आज देर रात तक लोग अपने परिजनों के साथ घूमते नजर आते हैं। तब लोग बिजली के लिए तरसते थे और आज राज्य का कोना-कोना बिजली से जगमगा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ही है जिसने गरीबों-पिछड़ों-अतिपिछड़ों के आरक्षण को तो बढ़ाया ही साथ-साथ आधी आबादी को भी पूरा हक दिया। शिक्षा विभाग में 50प्रतिशत अन्य सरकारी नौकरियों तथा पोस्टिंग में 35 प्रतिशत के आरक्षण का अधिकार दिया। नीतीश सरकार के कारण महिलाओं को उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50 ्रप्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। जिसके कारण आज गांव-टोलों में भी महिलाएं कामयाबी के झंडे गाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने ही बिहार की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन के लिए भी में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इस मौके पर राजद पर हमला बोलते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि समाजवाद व परिवारवाद के बीच की लड़ाई है। इसमें एक तरफ प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार जैसे राष्ट्र व जनता का हित चाहने वाले नेता हैं वहीं दूसरी तरफ परिवार की जमींदारी बचाए रखने की इच्छा रखने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादीयों के राज में जहां सिर्फ एक खास परिवार और उनकी पालकी ढ़ोने वालों का विकास होता था वहीं नीतीश राज में पहली बार आम जनता के दरवाजे पर विकास पहुंचने लगा। यह नीतीश राज का समाजवादी मॉडल ही है जिसके कारण आज बिहार की 10.64 की विकास दर, देश के विकास दर से भी अधिक है।

### टीबी को समाज में कलंक समझना गलत : राजेश कुमार

- रीच संस्था द्वारा डिसेमिनएशन कार्यशाला का हुआ आयोजन
- कुपोषित बच्चों को टीबी के संक्रमण का खतरा सर्वाधिक

**पटना।** रीच संस्था द्वारा यूनाइट टू एक्ट प्रोजेक्ट के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं रीच के तत्वावधान में आज शनिवार को पटना स्थित एक निजी होटल में डिसेमिनएशन कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन राजेश कुमार, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, बिहार प्रशासनिक सेवा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं डॉ. बी.के.मिश्र, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में प्रशासी पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति राजेश कुमार एवं अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी.के.मिश्र, यूनाइट टू एक्ट प्रोजेक्ट की लीड, स्मृति कुमार, फाइंड के नेशनल ऑपरेशन मेनेजर, डॉ. सत्या, पटना, गया एवं मुजफ्फरपुर के संचारी रोग पदाधिकारी सहित विभिन्न जिलों से आये टीबी चैंपियंस, रीच की तरफ से मोहम्मद मुदस्सिर सहित रीच के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजेश कुमार, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, बिहार प्रशासनिक सेवा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने कहा कि टीबी को समाज में कलंक समझा जाता है जो कि गलत है। सही समय पर इलाज शुरू करने एवं दवा के पूरे कोर्स का सेवन कर कर कोई भी टीबी मरीज आसानी से स्वस्थ हो सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति ने पिछले वर्ष टीबी चैंपियंस के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया था जिसमे टीबी चैंपियंस ने शामिल होकर समाज में एक साकारात्मक संदेश दिया था। स्वास्थ्य विभाग टीबी चैंपियंस की हर संभव मदद करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि टीबी चैंपियंस ने टीबी मरीजों को पहचान कर ससमय इलाज करवाने में मदद कर एवं उनके परिवार का उन्मुखीकरण कर टीबी मरीजों को अपने घर एवं समुदाय में पहचान दिलाने में मदद की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. बी.के.मिश्र ने कहा कि टीबी का सबसे बड़ा कारण कुपोषण है. कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्ति को टीबी आसानी से अपनी गिरफ्त में ले लेता है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों में टीबी के संक्रमण का खतरा सर्वाधिक होता है। डॉ. मिश्र ने बताया कि राज्य यक्ष्मा कार्यालय टीबी चैंपियंस द्वारा किये जा रहे कार्यों को संज्ञान में लेते हुए उनकी सराहना करता है।वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला से जुडी रीच की निदेशक, डॉ. राम्या अनंताकृष्णन ने कहा कि टीबी एक सामाजिक बीमारी है और इसके उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहयोग एवं सहभागिता की जरुरत है. उन्होंने कहा कि देश के 11 राज्यों के 80 जिलों में 2000 से अधिक टीबी चैंपियंस को रीच द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### संदिग्ध हालत में महिला की मौत, बाजार जाने के दौरान अलंग पर गिरी महिला, लू लगने से मौत की जताई जा रही आशंका

**नालंदा।** नालंदा में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार इलाके का है। मृतका की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालू नगर निवासी लालू यादव की (30) वर्षीया पत्नी वीणा देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया की वीणा देवी दवा लाने के लिए तियूरी बाजार जा रही थी। इसी बीच वह रास्ते में ही गिर गई। इसके बाद उसे बेहोशी की हालत में डॉक्टर के यहां ले जाने लगे इसी बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कुछ दिन पूर्व वह छत से गिर गई थी। इसके कारण सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी। जिसका इलाज चल रहा था। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि गर्मी के कारण महिला को लू लग गई है। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। मौत की खबर जैसे ही घर वालों को मिली परिजनों में कोहरा मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया।

**क्या बोले पुलिसः** मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया की मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन लू लगने से मौत के आशंका व्यक्त कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बदमाश देसी पिस्टल और कारतूस के साथ अरेस्ट, हथियार के साथ रील्स बनाकार सोशल मीडिया पर किया था पोस्ट

**नालंदा।** नालंदा की इस्लामपुर पुलिस ने एक बदमाश को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सरकारी नंबर पर एक युवक का हथियार लिए रील प्राप्त हुआ था। इसके बाद वीडियो का सत्यापन कराया गया। वीडियो की जांच के बाद बदमाश को थाना क्षेत्र के हरबंशपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक हरबंशपुर गांव निवासी दानी रविदास का पुत्र आशुतोष कुमार है। जिसके पास से एक देसी पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद की गई है। बदमाश का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि युवक माफिया ब्रांड नामक सोशल मीडिया पर पेज बनाया हुआ जिस पर वह देसी पिस्टल लेकर उसकी नुमाइश कर रहा है, और बैकग्राउंड में भोजपुरी गाने बज रहे हैं।

# यूरोलॉजी में न्यूक्लियर मेडिसिन की उपयोगिता पर पारस एचएमआरआई में सीएमई का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




- रेडियोन्यूक्लाइड्स इन करेंट यूरोलॉजी प्रैक्टिस विषय पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की चर्चा
- आधुनिक तकनीकों ने न्यूक्लियर मेडिसिन को और उपयोगी बनाया

**पटना।** इंडियन कॉलेज ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन (आईसीएनएम) और बिहार यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में पारस एचएमआरआई, पटना में शनिवार को रेडियोन्यूक्लाइड्स इन करेंट यूरोलॉजी प्रैक्टिस विषय पर एक सीएमई का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के न्यूक्लियर मेडिसन के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। सीएमई में यूरोलॉजी में न्यूक्लियर मेडिसिन के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गयी। डॉक्टरों ने कहा कि न्यूक्लियर मेडिसिन का यूरोलॉजी में अहम योगदान है। विशेषकर बच्चों में जन्मजात बीमारी जिसमें किडनी का काम प्रभावित होता है, प्रोस्टेट कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर जैसे कई गंभीर बीमारियों की पड़ताल और इसके इलाज में न्यूक्लियर मेडिसिन काफी उपयोगी साबित हो रहा है। कार्यक्रम में पारस एचएमआरआई पटना के डाइरेक्टर जनरल सर्जरी डॉ. एए हई और इंडियन कॉलेज ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन के डीन डॉ. भगवंत राय मित्तल भी शामिल रहे। पारस एचएमआरआई के सीनियर कंसल्टेंट न्यूक्लियर मेडिसिन और आयोजन सचिव डॉ. चिन्मय बिस्वाल ने बताया कि ऐसे कैंसर जो हड्डी में, फेफड़े में, लिवर में या लिम्फ नोड में फैल सकते हैं उसकी पड़ताल के लिए पेट स्कैन बहुत ही कारगर साबित होता है। विशेषकर प्रोस्टेट कैंसर कि स्थिति में जब कैंसर हड्डियों में फैल जाता है, उसकी जांच और इलाज में पीएसएमए पेट-सीटी (PET-CT) और थैरेपी एक आधुनिक तकनीक है। इन नई और आधुनिक तकनीकों ने न्यूक्लियर मेडिसिन को और उपयोगी बना दिया है। अपने संबोधन में पारस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व चौधरी ने बताया कि किडनी के कैंसर में किन स्थितियों में 'पेट-सीटी टेस्ट' (PET-CT) का उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान पारस एचएमआरआई के मेडिकल सुप्रिटेंडेट डॉ. आसिफ परवेज ने बताया कि रेडियोन्यूक्लाइड्स यूरोलॉजी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका उपयोग जांच और उपचार दोनों के लिए किया जा सकता है। न्यूक्लियर मेडिसिन की सभी सुविधाएं पारस एचएमआरआई में उपलब्ध हैं। सीएमई में आईजीआईएमएस पटना के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश तिवारी ने न्यूक्लियर मेडिसिन इन यूरोलॉजी पर अपनी बात रखी। महावीर कैंसर संस्थान के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रविश्वर नारायण ने कोर्टिकल साइंटिग्राफी एंड डीआरसीजी विषय पर चर्चा की। पीजीआईएमईआर चंडिगढ़ के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीआर मित्तल ने डियुरेटिक रेनोग्राफी विषय पर व्याख्यान दिया। एम्स भुवनेश्वर के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कन्हैया अग्रवाल ने रेडियोन्यूक्लाइड इमेजिंग इन रिनल सेल कार्सिनोमा विषय पर अपना संबोधन दिया। एम्स पटना के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश गुंजन ने इम्पैक्ट ऑफ पीएसएमए-पेट इन प्रोस्टेट कार्सिनोमा क्लिनिकल डिसीजन मेकिंग विषय पर चर्चा की। आईपीजीएमईआर/एसएसकेएमहॉस्पिटल कोलकाता के डॉ. धृतिमान चक्रवर्ती ने पीएसएमए पेट-सीटी विषय पर चर्चा की। एम्स दिल्ली के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. शमिम अहमद शमिम ने पीएसएमए थेरेपी-बियोन्ड एफडीए अप्रूव्ड इंडिकेशन विषय पर अपनी बात रखी।

**पारस एचएमआरआई के बारे में** -पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

## फिल्म निर्माता रविंद्र टुटेजा के जन्मदिन पर हाउस पार्टी में शामिल हुई जानी-मानी हस्तियां, फोटो वायरल

नई सोच एक्सप्रेस



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सितारों के साथ फिल्म निर्माता और अभिनेता रविंद्र टुटेजा ने अपना जन्मदिन अपने मुंबई स्थित घर पर मनाया। इस अवसर पर टीवी स्क्रीन पर सबसे पॉपुलर शो भाभी जी घर पर है की स्टार कास्ट के साथ अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे जिन्होंने रविंद्र टुटेजा को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रविंद्र टुटेजा ने भी सबका आभार जताया और कहा कि सबों ने उनके जन्मदिन को यादगार बना दिया है। वहीं अब उनके जन्मदिन की तस्वीर है सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जहां वे कई सेलिब्रिटी या गेस्ट के साथ हुकअप करते नजर आ रहे हैं। इनमें भाभी जी घर पर हैं से रोहितास गौर उर्फ तिवारी जी, सलीम जैदी उर्फ टिल्लू, विश्वजीत सोनी उर्फ प्रेम चौधरी जी, किशोर भानुशाली उर्फ जूनियर देवानंद,जीतू गुप्ता उर्फ डॉक्टर कम तांत्रिक, वैभव माथुर उर्फ टिका राम, अनूप उपाध्याय उर्फ चाचा, अवनीत जी, कॉमेडी शो किंग के विनर उदय दहिया, मॉडल सिमरन बग्गा, अभिनेत्री राजसी वर्मा, पीहू शर्मा, पूजा राव, प्रीति पुनीत, इंदरानी तांदुलकर, बॉलीवुड प्रोड्यूसर डिस्ट्रीब्यूटर इसरार अहमद, भोजपुरी प्रोड्यूसर प्रदीप सिंह भैया, अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत, अभिनेत्री श्रुति राव, कानपुर की जानी मानी हस्ती राजेश भल्ला, फैशन वर्ल्ड से श्याम भाटिया, फैशन डिजाइनर रितु गोयल, जानी मानी हस्ती सुहेल अहमद और डीसीपी हेमंत जी, सिंगर प्रकाश जी,लाफ्टर चैलेंज विजेता नवीन प्रभाकर (पहचान कौन)और पी आर ओ रंजन सिन्हा प्रमुख हैं। रविंद्र टुटेजा की पार्टी में सबों ने मिलकर चार चांद लगा दिए। रविंद्र टुटेजा इससे पहले बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में सक्रिय रहे हैं और उन्होंने भाभी जी घर पर हैं धारावाहिक में भी अपनी अदाकारी से सबों का ध्यान आकर्षित किया था इसके अलावे में फिल्में भी प्रोड्यूस करते हैं।

## सिंगापुर पैलेस में अक्षय तृतीया के अवसर पर बुकिंग पर सोने का सिक्का मुफ्त

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** ड्रीम पीआर होम्स प्राइवेट लिमिटेड के विश्वस्तरीय टाउनशिप सिंगापुर पैलेस में अक्षय तृतीया के अवसर पर बुकिंग पर सोने का सिक्का मुफ्त दिया जा रहा है। सिंगापुर पैलेस विश्वस्तरीय टाउनशिप रेरा द्वारा एप्रूव्ड है जो कि एम्स पटना के पास है। फ्लैट की बुकिंग को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया। इस बात की जानकारी कंपनी के निदेशक संजीव श्रीवास्तव ने दी साथ ही कहा कि हमारे जीवन का लक्ष्य है कि सबका हो घर अपना। इसी के तहत कम लागत पर फ्लैट व जमीन मुहैया कराया जा रहा है। विशेष जानकारी हेतु ड्रीम पी आर होम्स प्राइवेट लिमिटेड के सिटी ऑफिस साईं कॉरपोरेट पार्क, रूकनपुरा बेली रोड, पटना में सम्पर्क कर सकते हैं।



संजीव श्रीवास्तव, चेयरमैन

## 9,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी सी65 5जी लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने अपनी चैंपियन सीरीज़ - रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाईन है, जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों - चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है, और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

## कल से आरंभ होगी इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा एवं इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा का आयोजन के लिए 29 अप्रैल से 11 मई तक राज्य के 97 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में 48,386 परीक्षार्थियों के शामिल होने की बात कही जा रही है जिसमें 22,200 छात्राएँ एवं 26,186 छात्रों शामिल है। इस वर्ष 11,068 परीक्षार्थी विशेष परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, अर्थात् ये परीक्षार्थी सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। शेष 37,318 परीक्षार्थी कंपार्टमेंटल श्रेणी के रूप में भाग लेंगे।इस परीक्षा के लिए पटना जिला में 2,900 परीक्षार्थियों के लिए 05 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र में प्रवेश का निर्धारित समय- परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम-से-कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। देर से आने वाले परीक्षार्थी को उस बैठक की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 30 मिनट पूर्व तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थी को द्वितीय पाली की परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से 30 मिनट तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी अथवा मैगनेटिक घड़ी पहनकर आना सर्वथा वर्जित है, अन्यथा परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थी मात्र सूई वाली घड़ी पहन कर ही परीक्षा भवन में प्रवेश कर सकते हैं।समिति द्वारा इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल एवं इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 के सफल संचालन के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, 11 मई तक चलेगी।इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा एवं इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 के पहले दिन प्रथम पाली में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार, द्वितीय पाली में विज्ञान संकाय के जीव विज्ञान विषय, कला संकाय के इतिहास विषय परीक्षा आयोजित की जायेगी।

## कृषि विभाग, बिहार को भारत सरकार द्वारा 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

नई सोच एक्सप्रेस



- किसानों को मोबाईल पर भी उनके खेत के मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा उपलब्ध कराया जा रहा है-संजय कुमार अग्रवाल

बिहार को 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मिला 'प्रशस्ति पत्र' सचिव, कृषि विभाग, बिहार श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा बिहार को विŸाीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' के तहत् सभी राज्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 'पशस्ति पत्र' प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा 25 अप्रैल, 2024 को समरसता ऑडिटोरियम, डॉ0 अम्बेदकर इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' से संबंधित आयोजित समीक्षात्मक बैठक/कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कृषि विभाग द्वारा शत्-प्रतिशत मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रायोजित 'मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना' विŸाीय वर्ष 2023-24 में बिहार राज्य का 2 लाख मिट्टी नमूना का संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध कृषि विभाग द्वारा शत-प्रतिशत मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि विŸाीय वर्ष 2023-24 से बिहार के किसानों को उनके व्हाट्सएप पर भी मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें किसान स्वयं भी फसलों एवं वांछित उत्पाद का चयन कर उसके अनुरूप उर्वरक की अनुशंसा प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाईन मृदा स्वास्थ्य कार्ड में 100 से अधिक फसलों का चयन का विकल्प दिया गया है। इसके अतिरिक्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर क्यू॰ आर॰ कोड भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें मोबाईल फोन से स्कैन करते ही संबंधित कृषक तथा उनके खेत की मिट्टी की सारी सूचनाएँ प्रदर्शित होने लगती हैं।

**सभी जिलास्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला 'प्रोफिशियेन्सी टेस्ट' में उत्तीर्ण**-श्री अग्रवाल ने कहा कि बिहार के सभी 38 जिलों में स्थापित जिलास्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं का एन॰ए॰बी॰एल॰ से मान्यता प्राप्त करने के क्रम में सभी मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं के द्वारा 'प्रोफिशियेन्सी टेस्ट' में उŸाीर्णता प्राप्त की गई है। जमाबंदी नक्शा (कैडेस्ट्रल मैप) की तैयारी के क्रम में भी राज्य के उपलब्धि की सराहना की गई। इस योजना अंतर्गत विŸाीय वर्ष 2023-24 में सहरसा, भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर में एक-एक उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त मुंगेर जिला अंतर्गत तारापुर अनुमंडल, गया जिला अंतर्गत बोधगया तथा भागलपुर जिला अंतर्गत नवगछिया अनुमंडल में एक-एक अनुमंडलस्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला भी स्थापित किए गए हैं। मृदा फर्टिलिटी मैप तथा फसल उपयुक्तता मैप किया जा रहा तैयार उन्होंने कहा कि मिट्टी जाँच नमूनों के फलाफल के आधार पर कैडेस्टल मैप पर विभिन्न प्रकार के मिट्टी के पारा मीटर के आधार पर डिजिटलकृत मृदा फर्टिलिटी मैप तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही, फसल उपयुक्तता मैप तैयार किया जा रहा है। फसल उपयुक्तता मैप के उपयोग से क्षेत्र विशेष के लिए उपयुक्त फसलों का निर्धारण, फसल उत्पादन की क्षमता आदि का निर्धारण किया जायेगा।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिट्टी नमूनों की संख्या बढ़ाई-** उन्होंने कहा कि विŸाीय वर्ष 2024-25 में राज्य के सभी पंचायतों के प्रत्येक राजस्व ग्राम से कुल 5 लाख मिट्टी नमूना संग्रहण, जाँच तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी जिलों में कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही, योजना अंतर्गत राज्य के 35,000 सरकारी विद्यालयों में अंकुरण परियोजना के तहत 35,000 मिट्टी नमूना संग्रहित किया जा रहा है तथा छात्र-छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

## रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था। भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है। ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं। यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है। हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा। अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निःसंदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

## विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस



आरती कुमारी

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है।

भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली



बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।

सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।


## अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए भारत के साथ व्यापार शुरू करने को आतुर पाकिस्तान !

अशोक भाटिया

मीडिया समाचारों के अनुसार अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पाकिस्तान लगातार हाथ पैर मार रहा है। अब पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार में विदेश मंत्री और नवाज शरीफ के समधि इशाक डार ने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की बातचीत पर जोर दिया है। शहबाज शरीफ के मंत्री का यह बयान इस बात की तरफ इशारा कर रहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ फिर से व्यापारिक संबंधों की शुरुआत करने को आतुर है। बीते सालों में ऐसा देखा गया है पाकिस्तान के मंत्री अक्सर भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को शुरू करने के लिए जोर दे चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल में किसी अन्य देश में विदेश मंत्री एस जयशंकर को रोककर उनसे प्याज और टमाटर पाकिस्तान भेजने की गुहार लगा चुके हैं। गौरतलब है कि डार ने पहली बार पिछले महीने लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने की संभावना का संकेत दिया था। उनका विचार था कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार संबंधों की बहाली चाहता है। उनके बयान की विपक्षी दलों और आलोचकों ने आलोचना की। हालांकि, डार ने गुरुवार को अपनी पिछली टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि कई व्यापारियों ने उन्हें बताया कि वे किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत से सामान आयात कर रहे थे, जिससे उन्हें अधिक लागत आती थी इसलिए वे दोनों देशों के बीच सीधे व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने के पक्ष में थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने लंदन जाकर यह बयान ऐसे समय में दिया था जबकि भारत में आम चुनाव शुरू होने वाले थे । इसलिए चर्चा के लिए तो इस बयान का महत्व हो सकता है लेकिन वास्तविक महत्व तभी होगा जब भारत में नयी सरकार बन जाने के बाद इस पर बातचीत होगी। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि क्या भारत को फिर से पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ता बहाल करना चाहिए? इस सवाल के जवाब में किसी भी राजनैतिक दल ने अपने मेनिफेस्टो में उल्लेख किया है न किसी जाहिर सभा में इसका जिक्र। ज्ञात हो कि जब अगस्त 2019 में भारत की केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया था । ये भारतीय संविधान का एक प्रावधान था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। धारा हटाते हुए सेंटर ने तर्क दिया कि इससे यह राज्य पूरे देश से जुड़ सकेगा। ऐसा हुआ भी। इसी बात पर पाकिस्तान परेशान हो उठा, और बौखलाकर भारत से अपने व्यापारिक रिश्ते निरस्त कर दिए। दूसरी ओर ये बात भी हो रही थी कि ट्रेड सस्पेंशन की बड़ी वजह कुछ और ही थी। असल में उसी साल भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का स्टेटस ले लिया और पाकिस्तानी इंपोर्ट पर टैरिफ 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। भारत ने यह कदम पुलवामा हमले के बाद लिया था, जिसे पाकिस्तानी टैरर गुट जैश-ए-मोहम्मद ने अंजाम दिया था। हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। अटैक के चौबीस घंटों के भीतर ही पाकिस्तान का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा हटा दिया गया। यहां बता दें कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का टैरिफ एंड ट्रेड एग्रीमेंट 1994 कहता है कि सारे सदस्य देश एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा दें, खासकर पड़ोसी देश ताकि फ्री टेड आसान हो सके। हालांकि ये कोई पक्का नियम नहीं। यही वजह है कि रिश्ते खराब होने पर देश सबसे पहले आपस में यही स्टेटस खत्म करते हैं ताकि नाराजगी का आर्थिक असर भी दिखे। भारत और पाकिस्तान साल 1996 से ही एक-दूसरे को मोस्ट-फेवर्ड नेशन मानते आए। इसके बाद भी पाकिस्तान ने लंबी लिस्ट बनाई, जिसमें वो आइटम थे, जो भारत से आयात नहीं किए जा सकते। ये उत्पाद एक-दो नहीं, बल्कि 12 सौ भी ज्यादा थे। उसका कहना था कि वो ये बैन अपने घरेलू उद्योगों को चलाए रखने के लिए लगाए हुए है। हालांकि पहले वो 2 हजार से भी ज्यादा उत्पादों को आयात की मंजूरी दे चुका था। निगेटिव-लिस्टिंग के बाद केवल 138 उत्पाद ही रहे, जो वो भारत से आयात कर रहा था। ध्यान रहे कि पाकिस्तान हमसे कपास, ऑर्गेनिक केमिकल, प्लास्टिक, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, मशीनरी और मैकेनिकल डिवाइस जैसी चीजें इंपोर्ट करता था। हम भी पाकिस्तान से कई चीजें आयात करते रहे, जैसे- फल और सूखे मेवे, नमक, सल्फर, पत्थर, कई तरह की धातुएं और चमड़ा आदि। ट्रेड सस्पेंड करने के बाद भी पाकिस्तान हालांकि दवाएं मंगाता रहा क्योंकि उसके तुरंत बाद ही कोविड 19 का दौर आ गया था। भारत ने तब उसकी खासी मदद की थी। बंद होने के बावजूद भारत-पाकिस्तान के बीच लेनदेन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था । मीडिया की एक रिपोर्ट में सरकारी हवाले से कहा गया है कि थोड़ा-बहुत व्यापार वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते हो रहा था, साथ ही कराची बंदरगाह के जरिए भी लेनदेन चलता रहा। लेकिन ये पहले से बहुत कम, लगभग नहीं जितना हो चुका था। पाकिस्तान हमसे सबसे ज्यादा कॉटन लिया करता था। अब वो इसके लिए ब्राजील और अमेरिका पर निर्भर है। लंबे रास्ते से आने वाले इन उत्पादों पर समय के साथ पैसे भी काफी खर्च हो रहे हैं। फिलहाल पाकिस्तान जिस आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है, दूरदराज के देशों से आयात उसपर और भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि उसके विदेश मंत्री ने ट्रेड की वापस बहाली की बात की। हालांकि ये बात उन्होंने सीधे-सीधे नहीं, बल्कि एक इंटरनेशनल मंच पर की। तो फिलहाल ये नहीं कहा जा सकता कि आगे क्या होगा। इसके अलावा भारत की मंजूरी भी जरूरी है।दरअसल भारत के लिए पाकिस्तान किसी अन्य देश जैसा ही नहीं है। पाकिस्तान का जन्म भारत को मजहबी हिंसा में झोंककर और लाखों लोगों की कुर्बानी तथा बर्बादी पर हुआ है। उसके साथ न भारत का रिश्ता कभी सहज रहा है और न रह सकता है। इसका कारण सिर्फ यह भर नहीं है कि पाकिस्तान पहले दिन से कश्मीर पर दावा किये बैठा है और उसे आतंकवाद के जरिए हासिल करना चाहता है। बल्कि जब जब भारत पाकिस्तान की ओर आगे बढेगा, उसके उन घावों से खून रिसने लगेगा जो पाकिस्तान ने अपने जन्म से अब तक भारत को दिए हैं।सर सैय्यद अहमद हों या फिर अल्लामा इकबाल या फिर मोहम्मद अली जिन्ना। किसी न किसी तरह से समय समय इन्होंने यही डर दिखाया था कि अंग्रेजों के जाने के बाद हिन्दू अक्सरियत में मुसलमान दब जाएगा। पाकिस्तान भले ही जिन्ना ने मांगा हो लेकिन अविभाजित पंजाब, सिन्ध से लेकर अविभाजित बंगाल तक मुस्लिमों ने अगर अलग पाकिस्तान का समर्थन किया तो उसके मूल में एक बड़ा कारण हिन्दू बनियों का व्यापार में वर्चस्व होना भी था।आज भी पाकिस्तान में हिन्दुओं की पहचान हिन्दू बनिया के रूप में की जाती है। उनके लिए व्यंग में एक कहावत वहां बहुत प्रचलित है कि हिन्दू वह बनिया है जिसके मुंह में राम और बगल में छूरी रहती है। इसलिए जब 1947 में भारत को काटकर पाकिस्तान बन रहा था तब वहां के मुस्लिम व्यापारियों ने इसे अपने लिए एक अवसर के रूप में देखा था। फिर वो सिन्ध के कारोबारी रहें हों या पंजाब के कारोबारी। उन्हें लगता था कि जो व्यापारिक संभावना हिन्दू बनिया छोड़कर जा रहा है वो उसे भुना लेंगे और आर्थिक रूप से समृद्ध हो जाएंगे।शुरुआत के दो दशक जब भारत और पाकिस्तान दोनों ही सोशलिस्ट नीति पर चल रहे थे तब पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति भारत से अच्छी थी। लेकिन बांग्लादेश के अलग होते ही पाकिस्तान ने जो मजहबी रफ्तार पकड़ी तो उसकी अर्थव्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती चली गयी।

वैसे तो आर्थिक रूप से पाकिस्तान के बर्बाद होने के बहुत से कारण हैं लेकिन सबसे प्रमुख कारण भारत और हिन्दुओं से नफरत ही बनी रही। पाकिस्तान कभी अमेरिका की गोद में बैठा तो कभी चीन के आगे बिछ गया। लेकिन जब जब हिन्दू बनिया से तिजारत (व्यापार) बढाने की बात आई तब तब वहां के मजहबी मुल्लाओं ने बांग दिया कि क्या पाकिस्तान हिन्दुओं से तिजारत करने और अच्छा रिश्ता रखने के लिए बना था? मुल्लाओं का तर्क अकाट्य है। यही कारण है कि जैसे जैसे पाकिस्तान सच्चे इस्लाम के रास्ते पर आगे बढता गया वहां के लोगों के मन में भारत को लेकर नफरत बढती गयी। जिया उल हक के जमाने से आज तक तमाम उतार चढाव के बावजूद वहां की आम अवाम ही इस बात के हक में नहीं रहती है कि भारत के साथ तिजारती रिश्ते बढाये जाएं। उनकी इस नफरत के बावजूद अगर पाकिस्तान ने भारत के साथ कुछ व्यापारिक रिश्ते रखे हैं तो उसका कारण अंतरराष्ट्रीय बाध्यता और उनकी अपनी आर्थिक मजबूरियां थीं। लेकिन इस दौरान भी पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद फैलाने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कश्मीर और पंजाब में ही नहीं मुंबई पर आतंकी हमला जैसा जघन्य कुकर्म पाकिस्तान के हुक्मरानों ने प्लान किया। एक ओर पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार करता रहा दूसरी ओर दो दशक तक देशभर में बम विस्फोट के जरिए हजारों लोगों की जान लेता रहा। एक दशक पहले तक टीवी पर बैठकर आईएसआई के चीफ रहे हामिद गुल जैसे हुक्मरान भारत के मुंबई या बंगलौर जैसे शहरों को बर्बाद करने की धमकी देते रहे। परमाणु बम की धमकी तो मानों उनके लिए कंचे गोली खेलने जैसा हो। 2019 में ही सरकार में दोबारा आने के बाद जब मोदी सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म किया तब पाकिस्तान ने एकतरफा अपनी ओर से न केवल भारत से हाई कमिश्नर वापस बुला लिया बल्कि सभी प्रकार के व्यापारिक रिश्ते भी खत्म कर दिये। उस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि जब तक कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस नहीं लागू कर दिया जाता, भारत से कोई तिजारती रिश्ता कायम नहीं होगा।

गौरतलब है कि देश को अरबों डॉलर के कर्ज के लिए अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) या सऊदी अरब और चीन जैसे मित्र देशों से संपर्क करना पड़ रहा है। भारत के साथ व्यापार बंद होने से दूर देशों से सामान आयात करने में बहुत ज्यादा विदेशी मुद्रा भंडार यूज करना पड़ रहा है, जो पहले से ही काफी कम है। इन वजहों से पाकिस्तान भारत संग व्यापार के लिए छटपटा रहा है। हालांकि, भारत का रुख एकदम साफ है कि जब तक आतंकवाद नहीं रुकेगा, पाकिस्तान संग बातचीत समेत रिश्ते सामान्य नहीं होंगे।




**मेष राशिः** आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आज आप किसी से बात करते वक्त संयम रखें। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है। आज कोई पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की साहयता मांगेगा, जिसे आप असानी से पूरा करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरुरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचना चाहिए। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपने लक्ष्य के प्रति डेडीकेशन ही आपको सफल बनायेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी।

**धनु राशिः** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन सकता है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढिया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपडा व्यापारियों को आज अच्छा धन लाभ होगा। आज आप अपनी माता की मनपसन्द चीज़ लाकर गिफ्ट देंगे। बुजुर्गों का आज दान पुण्य के कार्यों में मन लगेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही द्वद्वंद्व पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थिति पहले से अनुकूल बनेगी। आज बेटे का रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट उनके पक्ष में होगा। आपके शत्रु परास्त्र होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मागेंगे।

## जीवन में रामत्व

ऋचा सिंह

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है । लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजार्चन करते हैं । लेकीन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं । ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए । राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया । उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु समान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे । जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा । राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं । जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है ,वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव ,विवाह , हवन, कीर्तन, मांगलिक अयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है । ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं जो जन-जन के हृदय में बसते हैं । देखें तो राम ही त्यौहार हैं ,उल्लास हैं उत्सव हैं ,भक्ती हैं ,शक्ति हैं ,पूजा हैं ,ज्ञान हैं , प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं । राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है । फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्तव्य निर्वहन हो । राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं । राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक हैं । गुरु-शिष्य,राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक,पिता-पुत्र ,पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति ,राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर, समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है । राम का जीवन इतना अदभुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता । आज ज्ञान, विज्ञान , तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हें भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थितप्रज्ञ होकर कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं । हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से ,गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है । देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न-भिन्न परंपराएं,अपनी विशिष्ठ वेशभूषा , भाषा के साथ जन जीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं । जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है । लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही हैं। राम के नाम के सहारे अनंत गीतों ,कहानियों, मनोभावों की जनमानस भावाभिव्यक्ति करता आया है। राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा किया जाय बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। राम का चरित्र ,आदर्श ,धर्म पालन ,नैतिकता और मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता आया है,इसीलिए जनजीवन हर आयाम में हर कलाओं में राम के जीवन को उनके आदर्शों को प्रकट करता रहा है। हम देखें तो राम का जीवन ही ऐसा है जो जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है। श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट , शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं ।

# आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज

**अहमदाबाद**। आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबार को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है।

गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा , उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान , आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है।

उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी।




इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी है।

गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी इसमें कमजोर रही है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल के अलावा कैमरन ग्रीन ने अब तक निरशा किया है। स्पिनरों की बात करें तो लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी साधारण रहे हैं।

दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही है। इनके अलावा डेविड मिलर , विजय शंकर और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी भी उसके पास हैं पर ये सभी अब तक टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो ये मुकाबला बराबरी का रहेगा।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार वैश्यक। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटन्स**

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बी आर शरथ।

## मयंक ने नेट अभ्यास शुरु किया, शीध्र खेलते नजर आयेंगे : श्रीधरन



**लखनऊ**। लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा है कि युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने नेट अभ्यास शुरु कर दिया है और वह शीघ्र ही खेल में भी वापसी करेंगे। मयंक ने इस आईपीएल सत्र में पदार्पण के साथ ही पहले 2 मैचों में अपनी तूफानी रफ्तार से टीम को जीत दिलायी थी पर तीसरे मैच में उनके पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। इसके बाद डॉक्टरों ने मयंक को आराम की सलाह दी थी। अब वह तीन सप्ताह के आराम के बाद एक बार फिर नेट अभ्यास की ओर लौट गये हैं। 21 साल के इस तेज गेंदबाज ने अपने पहले दो मैचों में लगातार 3-3 विकेट लिए और लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पार करके सभी को हैरान कर दिया था। कोच श्रीधरन ने कहा कि वह आज नेट में गेंदबाजी कर रहा है। हम देखेंगे कि वह कैसे गेंदबाजी करता है। वह फिर से खेलने के काफी करीब है ये तो तय है। कोच ने कहा कि मैंने पिछले लगभग एक महीने से उनके साथ काम किया है। वह बहुत परिपक्व लगता है और वह अपने शरीर को अच्छी तरह से जानता है जो एक युवा तेज गेंदबाज के लिए बहुत अच्छी बात है।

## आईपीएल में पंजाब-केकेआर मैच में बने कई रिकार्ड

**कोलकाता**। आईपीएल के 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले में कई रिकार्ड बने हैं। इसमें दोनो ही टीम के ओपनरों ने अर्धशतक लगाये। वहीं इनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा। इस मैच में पहले खेलते हुए केकेआर 261 रन बनाने के बाद भी हार गयी। इससे पहले कोई भी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए इतने रन बनाकर आउट नहीं हुई थी। पंजाब किंग्स ने 8 गेंद बाकी रहते ही ये मुकाबला जीत लिया। यह टी20 में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर था।


इस मैच में चारों ही सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये। इसमें केकेआर की ओर से फिल साल्ट ने 37 गेंदों पर 75 रन बनाए। वहीं सुनील नरेन ने 71 रन निकले। इनके बीच पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई। वहीं पंजाब किंग्स की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद पर 54 रनों की पारी खेली तो जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद पर नाबाद 108 रन बनाये। इन सभी का स्ट्राइक रेट 200 से टी20 क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मैच में चारों ही सलामी




बल्लेबाजों ने 50 से ज्यादा का स्कोर 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाया है। इस मैच में तकरीबन हर बल्लेबाज से 160 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। वहीं पंजाब के चार बल्लेबाज क्रीज पर उतरे और उसमें तीन का स्ट्राइक रेट 220 से ऊपर का रहा। बेयरस्टो के शतक से पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में लक्ष्य पीछा करते हुए सबसे बड़े स्कोर को हासिल किया। वहीं इससे पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने इसी सत्र में केकेआर के खिलाफ 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

## नीरज का मुकाबला जर्मनी के मैक्स से होगा

**नई दिल्ली**। ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब जून में फिनलैंड में होने वाले पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे।



इसमें नीरज का मुकाबला 18 जून को जर्मनी के मैक्स डेह्निंग से रहेगा। इसका कारण है कि डेह्निंग ने हाल ही में 90 मीटर से अधिके भाला फेंका था। इसके अलावा इस प्रतियोगिता में जर्मनी के ही जूलियन वेबर से भी उन्हें चुनौती मिलेगी।

चोपड़ा नूरमी खेलों से पहले 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट में भी उतरेंगे। उन्होंने इससे पहले पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा है। वहीं उन्होंने पिछले साल फिट नहीं होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। पावो नूरमी विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है। इसके साथ ही यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है।

## हार से निराश श्रेयर बोले , हमें हालातों के अनुसार ढ़लना होगा

**कोलकाता**। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। अय्यर ने हालांकि हार के लिए किसी को दोष नहीं दिया है उन्होंने कहा कि हमें हालातों के अनुरुप ढ़लकर फिर से अपनी रणनीति बनानी होगी। केकेआर की टीम इस मैच में 262 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी जो टीम के लिए चिन्ता की बाज जरुर है।

इससे पता चलता है कि टीम की गेंदबाजी अच्छी नहीं है। इस मैच में ईडन गार्डन्स के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था इससे बाद भी उसे असफलता मिली। उनके बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 261 रन बनाये पर ये जीत के लिए काफी नहीं थे। पंजाब किंग्स की ओर से जॉनी बेयरस्टो ने मैदान पर आते ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से बाजी पलट दी। 262 रनों का असंभव दिख रहे लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने एक ओवर और दो गेंद पहले ही हासिल कर लिया। अय्यर ने मैच के बाद कहा कि टॉस



के समय अगर उन्हें 261 रन दिए जाते तो वह आराम से इसे स्वीकार कर लेते। अय्यर ने कहा, जिस तरह से पंजाब के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी की उससे मैच उनके हाथ से फिसल गया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और यह देखना एक सुखद अनुभव था।

अय्यर के अनुसार दोनों टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट खेला। उन्होंने कहा, दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया। यह उन मैचों में से एक रहा जहां आप देखते हैं कि कहां गलती हुई, खासकर जब 260 का स्कोर भी नहीं बच पाया। हमें अब हालातों के अनुरुप ढलना होगा और अगले मैच के लिए बेहतर रणनीति बनानी होगी।

## देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता

**नई दिल्ली**। देश में महिला फुटबॉल की लोक्रपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं।

वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जार रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक



सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

## आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**दुबई**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को जून में होने वाले आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। आईसीसी ने एक कार्यक्रम में युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने की पुष्टि की है। युवराज ने टी20 विश्व कप के पहले ही संस्करण में एक ओवर में छह छक्के लगाये थे। उसी के प्रति सम्मान व्यक्त करने आईसीसी ने उन्हें ब्रांड एमबेस्डर बनाया है।

इससे पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दिग्गज एथलीट उसेन बोल्ट को भी इस टूर्नामेंट के लिए ब्रांड एम्बेस्डर बनाया गया था।



युवराज ब्रांड एमबेस्डर के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

युवराज ने उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। इस पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल रहा है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं आईसीसी महाप्रबंधक विपणन और संचार क्लेयर फर्लांग ने युवराज को ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, युवराज को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करना सम्मान की बात है। उनका नाम टी20 विश्व कप का पर्याय है।

# व्यापार

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली**। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही

**निफ्टी 150 अंक टूटकर 22,419 के स्तर पर बंद**

**सेंसेक्स 609 अंक की गिरावट के साथ 73,730 पर बंद**

**मुंबई**। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी देखी गई। लगातार पांच दिनों से तेजी दिखा रहे शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्ताह के आखिर में वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच निवेशकों ने बैंकिंग, वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ शेयरों में निवेश कम कर दिया। इस वजह से भी बाजार के बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में पांच दिनों की तेजी के बाद बिकवाली देखने को मिली। व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी फंड की निकासी से धारणा पर असर पड़ा है। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बढी खरीदारी





के बीच बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स कारोबार में 639 अंक चढ़कर 73,728 पर खुला और 639 अंक चढ़कर 73,728 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 पर खुला और 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 314 अंक बढ़कर 73,947 पर खुला और 314 अंक बढ़कर 73,947 पर बंद हुआ। निफ्टी 90 अंक की बढ़त के साथ 22,426 पर खुला और 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 152.05 अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर खुला और 114 अंक की बढ़त के साथ 73,852 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.71 अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर खुला और 34 अंक मजबूत होकर 22,402 पर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर खुला और 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 पर खुला और 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ।

## क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी भुगतान पर एक फीसदी शुल्क लगेगा



**नई दिल्ली**। यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक मई से क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी पेमेंट करने पर शुल्क को लागू करेगा। हालांकि, यह शुल्क तब लगेगा जब आप एक साइकल में यस बैंक से 15,000 रुपये से ज्यादा का भुगतान करेंगे। अगर कोई ग्राहक 15,000 रुपये से ज्यादा का यूटिलिटी बिल का भुगतान करता है तो उसे एक फीसदी शुल्क पर 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। आईडीएफसी फर्स्ट ने इसकी सीमा 20,000 रुपये रखी है। दूसरी ओर बैंकों के लिए जो काम करने वाले भुगतान गेटवे सेवा देते हैं वे अक्सर शिक्षा, किराना और यूटिलिटी जैसी श्रेणियों पर एमडीआर शुल्क पर छूट देते हैं। जब ग्राहक इन श्रेणियों में कार्ड का उपयोग करते हैं तो बैंक कम इंटरचेंज शुल्क कमाते हैं।




# जेरार्ड पिक से अलग होने के बावजूद पॉप सिंगर शकीरा को है प्यार पर पूरा भरोसा

**लॉस एंजेलिस।** 2022 में स्पेन के फुटबॉल स्टार जेरार्ड पिक से अलग होने के बाद भी पॉप सिंगर शकीरा का प्यार पर विश्वास बना हुआ है। शकीरा और उनके पार्टनर जेरार्ड पीके 12 साल के रिश्ते के बाद एक-दूसरे से अलग हुए। मैरी क्लेयर यूके से बात करते हुए शकीरा ने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि मेरा प्यार में विश्वास उठ गया है। मैंने अपने माता-पिता को देखा है, जो 50 साल से साथ में हैं, कैसे वे एक-दूसरे की आंखों में देखते हैं और हाथ पकड़ते हैं और एक-दूसरे के बिना एक पल भी नहीं रह सकते। मैंने प्यार देखा है, हालांकि मैं खुद को इतना भाग्यशाली नहीं मानती।

उन्होंने आगे कहा, एक ही बार शादी करना सामाजिक नजरिए से आदर्श माना जाता है। लेकिन मुझे अन्य तरीकों से खूब प्यार मिला है, मेरे फैंस, मेरे बच्चों और सच्चे दोस्तों से। दोस्ती प्यार का सबसे शुद्ध रूप है और यह सच है। मेरे अनुभव में यह रिश्ता लंबे समय तक चलता है। शकीरा ने कहा- मेरा रिश्ता 12 साल तक चला, लेकिन मेरे दोस्त जिंदगी भर मेरा साथ रहे। जब मुसीबत आई, तब मुझे पता चला कि दोस्ती वास्तव में कितनी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगर ने खुलासा किया कि वह हमेशा से अपने पिता की तरह पार्टनर की तलाश में थी। अंदर से, मैं हमेशा सोचती थी कि मेरी जिंदगी में एक पति का होना जरूरी है। मैं उस आदमी की तलाश में थी, जिसमें मेरे पिता की तरह गुण हो, उसके साथ मैं बच्चे पैदा करूं और फिर अपने माता-पिता की तरह हमेशा के लिए उसके साथ रहूं, इसके लिए मैंने कई त्याग किये। मैं लॉयल थी, लेकिन कभी-कभी चीजें प्लानिंग के मुताबिक नहीं होतीं।

# हंसल मेहता ने किया लापता लेडीज का रिव्यू, बोले- मैं ज्यादा उम्मीद लेकर गया था, लेकिन...






किरण राव की हालिया रिलीज फिल्म लापता लेडीज को काफी सराहना मिली है। फिल्म की कहानी और अदाकारी दर्शकों को काफी पसंद आई है। अब इस फिल्म को लेकर मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने भी अपनी राय दी है। किरण राव द्वारा निर्देशित लापता लेडीज इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए किरण राव को काफी तारीफें मिली हैं। 1 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में वापसी की थी। इससे पहले उनकी आखिरी फिल्म धोबी घाट थी, जो साल 2010 में रिलीज हुई थी। लापता लेडिज के साथ किरण राव ने अच्छी वापसी की है। अब फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने लापता लेडीज की समीक्षा की है।

### बताया बड़े दिलवाली फिल्म

हंसल मेहता ने हाल में ही यह फिल्म देखी है। फिल्म देखने के बाद उन्हों‌न अपने एक्स अकांउट पर इसकी समीक्षा की है। उन्होंने कहा, बहुत बड़े दिल वाली फिल्म लापता लेडीज देखी, कभी-कभी एक बेहतर फिल्म बनाने के लिए आपको सिर्फ सादगी और स्पष्टता की जरुरत होती है। यह वैसी ही एक फिल्म है। हंसल मेहता की समीक्षा से यह साफ जाहिर होता है कि यह फिल्म उन्हें काफी पसंद आई है। सरल तरीके से एक अनोखा अनुभव देने वाली इस फिल्म ने उन्हें काफी प्रभावित किया है।

### उम्मीद से भी बेहतर है फिल्म

फिल्म के अपनी उम्मीदों से भी आगे निकल जाने पर मेहता ने कहा, मैं अधिक उम्मीद लेकर फिल्म देखने गया था, लेकिन यह उस उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बेहतर है। यह एक अच्छी दिखने वाली पुरानी, लेकिन प्रत्यक्ष रुप से ना दिखते हुए भी एक आधुनिक फिल्म है। इसमें आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, यह भ्रामक रुप से सरल और हास्य फिल्म है। यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की लिखी एक अवार्ड विजेता कहानी पर आधारित है। फिल्म के लिए स्नेहा देसाई ने स्क्रीन प्ले और डायलॉग लिखे हैं। इनके अलावा दिव्या निधि शर्मा ने भी कुछ अतिरिक्त डायलॉग लिखे हैं।

### आमिर खान हैं निर्माता

लापता लेडीज शादी के बाद ससुराल जा रही दो दुल्हनों की कहानी है, जो ट्रेन यात्रा के दौरान बदल जाती हैं। इसके बाद उनके आगे के अनुभव और यात्रा पर फिल्म की कहानी आधारित है। इस फिल्म के सरल हास्य दृश्यों और बेहतरीन अदाकारी के लिए फिल्म को काफी तारीफें मिली हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और ज्योति देशपांडे ने किया है। फिल्म में काफी प्रतिभावान कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन ने अहम किरदार निभाया है।



# कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन के निर्माता पर लगाए गंभीर आरोप

**अभिनेत्री** कृष्णा मुखर्जी ने शुभ शगुन छोड़ने की वजह का खुलासा किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन के निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। हिट टेलीविजन शो ये है मोहब्बतें से मशहूर होने वाली अभिनेत्री कृष्णा मुखर्जी को आखिरी बार टीवी शो शुभ शगुन में शहजादा धामी के साथ देखा गया था और तब से अभिनेत्री ने टीवी से ब्रेक ले लिया है। अब अभिनेत्री ने शो छोड़ने के पीछे की वजह का खुलासा किया है। आज शनिवार को कृष्णा मुखर्जी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और शुभ शगुन निर्माता पर उन्हें परेशान करने और धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने बकाया भुगतान न करने का भी आरोप लगाया, जिसके कारण उन्होंने शूटिंग बंद कर दी।

**तनाव में हैं अभिनेत्री**

अभिनेत्री ने कहा कि वे निर्माता की वजह से पिछले कुछ महीनों से अवसाद और चिंता से गुजर रही हैं और दावा किया कि शो के सेट पर उन्हें परेशान किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि निर्माता ने उन्हें मेकअप रूम में बंद कर दिया, जब वह कपड़े बदल रही थीं तो दरवाजा पीटा और कई बार धमकी दी।

**शो करना सबसे गलत फैसला**

अभिनेत्री की पोस्ट में लिखा है, मुझमें कभी अपने दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं थी, लेकिन आज मैंने फैसला किया कि मैं इसे अब और नहीं रोकूंगी। मैं कठिन दौर से गुजर रही हूं और पिछला डेढ़ साल मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं उदास और चिंतित हूं और जब मैं अकेली थी तो दिल खोलकर रोती थी। यह सब तब शुरू हुआ, जब मैंने दंगल टीवी के लिए अपना आखिरी शो शुभ शगुन करना शुरू किया। वो मेरी जिंदगी का सबसे खराब फैसला था। मैं ऐसा कभी नहीं करना चाहती थी, लेकिन मैंने दूसरों की बात सुनी और अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए।

**शो के निर्माता ने किया परेशान**

उन्होंने आगे लिखा, प्रोडक्शन हाउस और निर्माता कुंदन शाह ने मुझे कई बार परेशान किया है। यहां तक कि एक बार उन्होंने मुझे मेरे मेकअप रूम में बंद कर दिया, क्योंकि मैं अस्वस्थ थी और मैंने शूटिंग न करने का फैसला किया, क्योंकि वे मुझे मेरे काम के लिए भुगतान नहीं कर रहे थे और मैं भी अस्वस्थ थी, वे मेरे मेकअप रूम के दरवाजे को पीट रहे थे, जैसे कि वे इसे तोड़ देंगे, जब मैं मेरे कपड़े बदल रही थी। उन्होंने आज तक पांच महीने तक का मेरा भुगतान कभी नहीं चुकाया और यह सचमुच बहुत बड़ी रकम है। मैं प्रोडक्शन हाउस और दंगल ऑफिस गई हूं, लेकिन उन्होंने कभी मेरी बात नहीं सुनी।

**सेट पर असुरक्षित महसूस करती थीं अभिनेत्री**

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि सेट पर उन्हें असुरक्षित महसूस हुआ और इसलिए उन्होंने शो छोड़ दिया। उन्होंने लिखा, कई बार धमकी भी दी गई। पूरे समय मैं असुरक्षित, टूटा हुआ और डरा हुआ महसूस कर रही थी। मैं असुरक्षित महसूस करती हूं। मैंने कई लोगों से मदद मांगी, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसमें कोई कुछ नहीं कर सके। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं कोई शो क्यों नहीं कर रही? यही कारण है। मुझे डर लग रहा है कि अगर वही बात दोबारा हुई तो क्या होगा? मुझे न्याय चाहिए।



# फ्लाइट में फंसी अदिति राव हैदरी ने कहा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी मुंबई में सुबह-सुबह एक फ्लाइट में फंस गई, जहां न तो कोई सीढ़ी थी और न ही कोई एयरब्रिज। उन्होंने इस स्थिति पर कहा कि हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं। अदिति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फ्लाइट विंडो से उतरने के बाद एयरपोर्ट की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, हर दिन हम नीचे गिरते जा रहे हैं! न कोई सीढ़ी और न ही कोई एयरब्रिज। हमने 12.10 बजे ये एयरपोर्ट सर्कस देखा। उन्होंने पोस्ट में विस्तारा एयरलाइंस को भी टैग किया। हीरामंडी- द डायमंड बाजार सीरीज 1 मई 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बेटे के जन्म के बाद सदमे में चली गई थीं सोनम



अभिनेत्री सोनम कपूर ने बेटे के जन्म के बाद बढ़े वजन को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह रिश्ते बदल जाते हैं। साल 2022 में उन्होंने बेटे वायु आहूजा को जन्म दिया था।

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने मां बनने के बाद के अनुभवों का साझा किया। सोनम ने कहा कि उन्होंने हमेशा खुद को वैसे ही स्वीकार किया है जैसी वो हैं, लेकिन बेटे वायु के जन्म के बाद उनका वजन 32 किलो बढ़ गया था। बढ़े वजन के कारण वह काफी परेशान हो गईं और सदमे में चली गई थीं। अभिनेत्री सोनम कपूर 38 साल की उम्र में साल 2018 में व्यवसायी आनंद आहूजा के संग शादी के पवित्र बंधन में बंधी थीं। साल 2022 में उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया।

### सदमे में चली गई थीं सोनम कपूर

एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने बच्चे के जन्म के बाद आने वाले बदलावों पर खुलकर बात की। सोनम ने कहा, 'मेरा वजन 32 किलो बढ़ गया था। सच कहूं तो शुरू में मैं सदमे में थी।

आपका अपने बच्चे के प्रति इतना लगाव हो जाता है कि आप अपने व्यायाम और सही खानपान के बारे में ध्यान नहीं रख पाते। इसे ठीक करने में मुझे डेढ़ साल लग गए। मैंने इसे बहुत धीमी गति से किया, आपको धीमा होना होगा, क्योंकि नए के साथ तालमेल बिठाना होता है।

# बालाकोट एंड बियॉन्ड में एयर स्ट्राइक को बारीकी से समझाया: जिमी शेरगिल



एक्टर जिमी शेरगिल ने अपनी अपकमिंग सीरीज रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के बारे में बात करते हुए कहा कि जिन लोगों ने पहले बालाकोट पर फिल्में या सीरीज बनाई, उनका काम काफी सतही है, उन्होंने ठीक से रिसर्च नहीं किया। जिमी ने कहा कि जिन्होंने ऐसी फिल्में या सीरीज बनाई हैं, वो केवल सतह को छू कर निकल गए, लेकिन रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड के साथ हम इसमें गहराई से उतरे हैं।

रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड में लारा दत्ता, आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी और प्रसन्ना हैं। वेब सीरीज दर्शकों को बालाकोट जैसे बड़े डिफेंस ऑपरेशन को दिखाती है। जिमी ने कहा ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि दर्शकों ने इसका आनंद लिया है, और हमें विश्वास है कि सीरीज लोगों को सीट से बांधे रखेगी। यह सीरीज 25 अप्रैल से जियोसिनेमा पर स्ट्रीम होगी।

# अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मिलेगी मानद उपाधि



मशहूर सितार वादक, निर्माता, संगीतकार और ग्रैमी अवॉर्ड्स में 9 बार नॉमिनेशन पा चुकीं अनुष्का शंकर को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से मानद उपाधि मिलेगी। उन्होंने इसे अपने करियर का बेहद अहम पल बताया। अनुष्का भारत रत्न से सम्मानित सितार वादक पंडित रविशंकर की बेटी हैं। म्यूजिक इंडस्ट्री में अनुष्का की उत्कृष्ट उपलब्धियों के चलते उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है, जो संगीत के क्षेत्र में उनके गहरे प्रभाव और उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अनुष्का ने कहा कि यह वास्तव में मेरे करियर का बेहद अहम और सुखद पल है, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह का सम्मान मिलेगा। मानद उपाधि प्रदान करने के लिए मैं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी पूर्व शिक्षकों के प्रति भी आभारी महसूस करती हूं, जिन्होंने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अपने पिता के मार्गदर्शन में संगीत की सबसे अनमोल शिक्षा मिली और 13 साल की उम्र के बाद अपने करियर में अपनी मां से कोचिंग और समर्थन मिला। यह सब उन्हीं की देन है। अनुष्का को 19 जून को विश्वविद्यालय के वार्षिक एनकेनिया शैक्षणिक समारोह में डिग्री प्रदान की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।